
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी





म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य, मिलाप करेंगे निर्देशन

बिना ऑडिशन धमाल 4 में हुई एंट्री

वर्ष : 12 | अंक : 198 | लखनऊ, 12 जुलाई, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

करीब ढाई सौ लोगों से मुलाकात कर सुनीं समस्याएं

## प्रतिकूल मौसम में भी सीएम योगी ने किया जनता दर्शन



अमन लेखनी समाचार/गोरखपुर

'जनसेवा सर्वोपरि' के ध्येय से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह मौसम प्रतिकूल होने के बावजूद जन समस्याओं के निस्तारण के निस्तारण के लिए 'जनता दर्शन' किया। बारिश में दूरदराज से आए लोगों से उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, 'घबराइए मत, हर समस्या का समाधान कराया जाएगा, सरकार सबकी भरपूर मदद करेगी।'

### पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर ध्यान दें

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। साथ ही गरीबों की भूमि पर कब्जा करने वाले दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।बारिश के चलते, मुख्यमंत्री के निर्देश पर लोगों की सुविधा के लिए शनिवार सुबह जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में किया गया।

## लखनऊ में आधुनिक अपशिष्ट प्रबंधन तकनीक अपनाने की तैयारी

निरीक्षण के दौरान लखनऊ महापौर को अधिकारियों ने बताया कि प्लांट में एसटीपी से निकलने वाले स्लज का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण कर ईंट तैयार की जा रही है। इससे अपशिष्ट का सुरक्षित निस्तारण होने के साथ-साथ उसका उपयोग निर्माण कार्यों में भी किया जा रहा है।

**खास बातें**

- दिल्ली के स्लज मैनेजमेंट प्लांट का महापौर सुषमा खर्कवाल ने लिया जायजा
- एआई आधारित स्वचालित प्लांट से अपशिष्ट का हो रहा वैज्ञानिक उपयोग

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ

लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित दिल्ली जल बोर्ड के स्लज मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले स्लज के वैज्ञानिक प्रबंधन और उससे ईंट निर्माण की आधुनिक तकनीक का विस्तृत अवलोकन किया। उनके साथ नगर निगम लखनऊ के कार्यकारिणी उपाध्यक्ष एवं पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी 'पम्मी' सहित कई पार्षद भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्लांट में एसटीपी से निकलने वाले स्लज का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण कर ईंटें तैयार की जा रही हैं। इससे अपशिष्ट का सुरक्षित निस्तारण होने के साथ-साथ उसका उपयोग निर्माण कार्यों में भी किया जा रहा है।



### *ऐसी तकनीकें स्वच्छ शहर और टिकाऊ विकास की दिशा में उपयोगी*

*महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि इस अध्ययन भ्रमण से प्राप्त अनुभवों का उपयोग लखनऊ में अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को अधिक आधुनिक, प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल बनाने में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी तकनीकें स्वच्छ शहर और टिकाऊ विकास की दिशा में बेहद उपयोगी हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस प्लांट का संचालन एसएसपी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।*


**खबर संक्षेप**

### पटना से 4 दिशाओं में 160 की स्पीड से दौड़ेगी ट्रेन



पटना। बिहार में एनसीआर की तर्ज पर रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम का जाल बिछने वाला है। पटना से चार दिशाओं में 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से रेपिड ट्रेनें दौड़ेंगी। रेपिड रेल का अलग से ट्रैक बिछाया जाएगा। इस कॉरिडोर से पटना, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, वैशाली, सारण, जहानाबाद, गयाजी और भोजपुर जिले के 16 छोटे-बड़े शहर रैपिड रेल से आपस में जुड़ जाएंगे।

### महिला, युवक को धारदार हथियार से मार डाला



खूंटी। जिले के घाघरा गांव स्थित तजना नदी पुल के नीचे से एक महिला व युवक का शव मिला। मृतकों की पहचान लोहरदगा की रहने वाली नेहा व उसी गांव में नेहा के पड़ोसी अरुण राणा के रूप में हुई है। नेहा के परिजनों का आरोप है कि गुमला से अपहरण के बाद उसके पति कुंदन प्रजापति व उसके साथियों ने मिलकर दोनों की धारदार हथियार से और सिर कूचकर हत्या दी।

### कुशीनगर में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा पर बोला बड़ा हमला, कहा-

## यूपी में जो युवाओं का रोजगार खा गए, वे अयोध्या-मथुरा-काशी के बारे में क्या सोचते

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/कुशीनगर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले कुशीनगर इंसेफेलाइटिस (दिमागी बुखार), पिछड़ेपन और पलायन जैसी गंभीर समस्याओं के लिए जाना जाता था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जो लोग नौजवानों का रोजगार छीनने का पाप करते थे, वे अयोध्या, मथुरा व काशी के बारे में कैसे सोच सकते थे। ये लोग मंदिरों के नाम पर आने वाले पैसे को हजम कर जाते थे। मंदिरों पर कब्जा करवाते थे।

आज उन्हीं मंदिरों का पुनरुद्धार हो रहा है, सौंदर्यीकरण हो रहा है। मंदिरों का पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल पर खर्च करने वाले लोगों का विकास पर बात करना शोभा नहीं देता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कुशीनगर में 525 करोड़ रुपए की लागत से 464 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

◀ 525 करोड़ रुपए की 464 विकास परियोजनाओं का लोकापण व शिलान्यास



### मुसहर परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ा गया

सीएम ने कहा कि जो लोग वर्षों तक गरीबों के नाम पर राजनीति करते रहे, उन्होंने मुसहर समाज जैसे वंचित वर्गों को मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रखा। वर्तमान सरकार ने ऐसे परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। मुसहर परिवारों को पक्के आवास, भूमि के पट्टे, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड, निःशुल्क राशन, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन तथा बिजली कनेक्शन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे उनमें सम्मान, सुरक्षा और स्वतंत्र भारत के समान अधिकार प्राप्त नागरिक होने का आत्मविश्वास पैदा हुआ है।

### *शिक्षकों व कर्मचारियों को बड़ा सुरक्षा कवच*

*मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था पर सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति दोहराते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार में गुंडागर्दों व दंगाइयों के लिए कोई स्थान नहीं है। उत्तर प्रदेश आज दंगा मुक्त राज्य के रूप में स्थापित हुआ है- नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में अब सब चंगा। दुर्गा पूजा, रामनवमी, जन्माष्टमी, होली सहित सभी प्रमुख त्योहार विभिन्न समुदायों द्वारा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जा रहे हैं।*

### इंसेफेलाइटिस पर किया निर्णायक कंट्रोल

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले कुशीनगर इंसेफेलाइटिस (दिमागी बुखार), पिछड़ेपन और पलायन जैसी गंभीर समस्याओं के लिए जाना जाता था, लेकिन वर्तमान सरकार की प्रभावी रणनीति और निरंतर प्रयासों से इस चुनौती पर निर्णायक नियंत्रण स्थापित किया गया है। सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, स्वच्छता, टीकाकरण और जागरूकता अभियानों के माध्यम से इंसेफेलाइटिस के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए।

### 32 जिलों के गांवों में ज्ञान की डिजिटल दुनिया

## 20 हजार डिजिटल सामग्री से परीक्षाओं की तैयारी करेंगे युवा

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ

यूपी में ग्रामीण युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर भारतीय प्रशासनिक सेवा, प्रांतीय सिविल सेवा और अन्य सरकारी नौकरियों की तैयारी के लिए गांवों में ही आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहले चरण में प्रदेश के 32 जिलों की ग्राम पंचायतों में हाईटेक डिजिटल लाइब्रेरी विकसित की गई हैं, जहां छात्र-छात्राओं को ई-बुक्स, वीडियो लेक्चर, ऑडियो कंटेंट और डिजिटल क्विज सहित लगभग 20 हजार डिजिटल शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इससे गांवों के युवाओं को बेहतर तैयारी के लिए शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।



### 2 लाख रुपए की पुस्तकों की व्यवस्था

पहले चरण में 11,350 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी पर चार लाख रुपए खर्च किए गए हैं। करीब दो लाख की पुस्तकों की व्यवस्था,1.30 लाख के आईटी उपकरण व करीब 70 हजार के अत्याधुनिक फर्नीचर उपलब्ध कराए गए हैं। लाइब्रेरियों को इस तरह विकसित किया गया कि छात्र पारंपरिक पुस्तकों के साथ डिजिटल माध्यम से भी पढ़ाई कर सकें।

### ई-बुक्स, वीडियो व क्विज से होगी परीक्षाओं की तैयारी

पंचायतीराज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 20 हजार से भी अधिक डिजिटल कंटेंट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनमें ई-बुक्स, वीडियो लेक्चर, ऑडियो सामग्री और इंटरैक्टिव क्विज शामिल हैं। योगी सरकार का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को आधुनिक तकनीक आधारित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाना है, ताकि वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

### नवी मुंबई हवाई अड्डे से दवाइयों के आयात की अनुमति

नवी मुंबई : दवा आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना और व्यापार सुगमता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने महाराष्ट्र के हाल ही में उद्घाटन किए गए नवी मुंबई हवाई अड्डे के माध्यम से दवाओं के आयात की अनुमति दे दी है। औषधि नियम, 1945 के नियम 43ए में संशोधन के अनुसार, नवी मुंबई को अब उन हवाई अड्डों की सूची में शामिल कर लिया गया है जहाँ से देश में औषधियों का आयात किया जा सकता है। यह अधिसूचना औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन नियम, 1940 के प्रावधानों के अंतर्गत औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड से परामर्श के बाद जारी की गई है। इस संशोधन के साथ, नवी मुंबई हवाई अड्डे को औषधि नियम, 1945 के तहत दवाओं के आयात के लिए अधिकृत हवाई अड्डों की सूची में शामिल कर लिया गया है।

### महानदी जल विवाद के समाधान के लिए मशक्कत

ट्रिब्यूनल में सुनवाई के दौरान समर्थन की बात आई सामने

## ओडिशा व छग ने आपसी सहमति से विवाद के समाधान की 'इच्छा' जताई

अमन लेखनी समाचार/ भुवनेश्वर

महानदी जल विवाद के समाधान का रास्ता अब साफ होता नजर आ रहा है। ट्रिब्यूनल में हुई सुनवाई के दौरान दोनों राज्यों ने आपसी सहमति से विवाद के समाधान की इच्छा जताई है। ओडिशा सरकार के प्रस्ताव पर छत्तीसगढ़ ने भी अपनी सहमति दे दी है। शनिवार को मामले की सुनवाई ट्रिब्यूनल की अध्यक्ष न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी की अध्यक्षता में हुई। ओडिशा के एडवोकेट जनरल पीतांबर आचार्य ने कहा दोनों ने बातचीत से विवाद का स्थायी हल निकालने पर सहमति व्यक्त की है।



### विवाद के मुख्य कारण

- ओडिशा का आरोप है कि छत्तीसगढ़ द्वारा ऊपरी हिस्से में अवैध बैराज और एनिकट बनाने से नीचे की तरफ पानी का बहाव कम हो गया है।
- इससे ओडिशा के प्रसिद्ध हीराकुंड बांध में पानी की आवक प्रभावित होती है।
- छत्तीसगढ़ का तर्क है कि महानदी बेसिन का एक बड़ा हिस्सा उसके क्षेत्र में आता है, इसलिए उसे अपनी कृषि और औद्योगिक विकास के लिए पानी का उपयोग करने का अधिकार है।

### न्यायाधिकरण और वर्तमान स्थिति

- 2018 में केंद्र ने अधिनियम, 1956 के तहत महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया था।

**अस्पतालों की बदहाल व्यवस्था**

### अब भीलवाड़ा-बांसवाड़ा में 7 प्रसूताओं की मौत

भीलवाड़ा। राजस्थान के सरकारी अस्पतालों की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था सवालों के घेरे में है। प्रदेश में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति इतनी चिंताजनक हो चुकी है कि प्रसूताओं की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। कोटा, बीकानेर और जोधपुर के बाद अब भीलवाड़ा और बांसवाड़ा के अस्पतालों से दिल दहला देने वाले मामले सामने आए हैं।पूरे प्रदेश के स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप है। भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल स्थित मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में पिछले छह दिनों के भीतर 5 प्रसूताओं की मौत हो चुकी है। मृतकों में शिमला गुर्जर (5 जुलाई), फोरी देवी (7 जुलाई), ईशा पांडे (8 जुलाई), दिव्या (9 जुलाई) और संगीता जीनगर (10 जुलाई) शामिल हैं।



### आज भी 'जोशी अभ्यंकर हत्याकांड' पर सिहर रहा पुणे

## 'कलाकार' 4 छात्रों की करतूत, 14 महीने के मध्य की एक के बाद एक 10 हत्याएं



1976 में शहर को अशांत बना दिया, आज नई पहचान मिली

अमन लेखनी समाचार/ मुंबई

महाराष्ट्र का पुणे शहर कारोबारी केतन हत्याकांड के चलते इन दिनों काफी चर्चाओं में है, लेकिन अब से करीब 50 साल पहले यही शहर एक ऐसे खौफनाक मंजर का गवाह बन चुका है कि आज भी लोग उस कांड को याद करते हैं, तो सिहर जाते हैं। 1976 में इसेकिसी की नजर लग गई। महज 14 महीनों के भीतर एक के बाद एक 10 ऐसी बेरहम हत्याएं हुईं, जिन्होंने पूरे महाराष्ट्र की रूह कंपा दी। आतंक फैलाने वाले गैंगस्टर नहीं, 'अभिनव कला महाविद्यालय' के सीधे-सादे आर्ट्स के 4 छात्र थे।

### पैसों की हवस और पहला कत्ल

इस खौफनाक सिलसिले की शुरुआत 16 जनवरी 1976 को एक रहस्यमयी गुमशुदगी से हुई। इन लड़कों के साथ पढ़ने वाला प्रकाश हेगड़े अचानक गायब हो गया। प्रकाश के पिता शहर के एक कामयाब रेस्टोरेंट मालिक थे। परिवार को 25,000 रुपए की फिरौती का खत मिला।

### बारिश से कई राज्यों में तबाही, लोग परेशान

## चमोली में अस्पताल की दीवार गिरी, डॉक्टर की मौत

### डॉ. नवीन चंद्र डिमरी मरम्मत कार्य का ले रहे थे जायजा

अमन लेखनी समाचार/ चमोली

जिले के नारायणबगड़ के सरकारी अस्पताल परिसर में क्षतिग्रस्त दीवार शनिवार दोपहर भरभराकर गिर गई। इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ नवीन चंद्र डिमरी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। डॉ. रिया घिल्डियाल ने उनकी स्थिति चिंताजनक बताई थी। 25 जून को भारी बारिश के कारण बहकर आए मलबे से अस्पताल की बांउड्रीवाल क्षतिग्रस्त हो गई थी।शनिवार को क्षतिग्रस्त दीवार का मरम्मत कार्य किया जा रहा था। इस दौरान डॉ. डिमरी मरम्मत कार्य का जायजा ले रहे थे कि अचानक दीवार उनके उपर गिर पड़ी।



**उत्तराखंड में 120 मार्ग बाधित**

### स्यानाचट्टी में 100 तीर्थयात्रियों ने रस्सी से रास्ता पार किया

देहरादून। उत्तराखंड के कई स्थानों पर24 घंटे के दौरान भारी बारिश से पहाड़ी क्षेत्रों में जगह-जगह हुए भूस्खलन से 3राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 120 मार्ग अवरूद्ध हो गए। उत्तरकाशी जिले के स्यानाचट्टी में भारी मलबा आने से 2 दिन से बाधित यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब 100 तीर्थयात्रियों को रस्सी की सहायता से रास्ता पार कराया गया। स्यानाचट्टी में वैकल्पिक मार्ग पर सुरक्षित तरीके से रस्सी बांधी गई।

**हिमाचल में भी मानसून का कहर**

### सैकड़ों सड़कें-बिजली ट्रांसफार्मर ठप, शिमला में भूस्खलन का खतरा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में लगातार दो दिन हुई भारी बारिश से कई इलाकों में तबाही हुई है। जगह-जगह भूस्खलन से सैकड़ों सड़कें ठप हो गई हैं। कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है। प्रदेश में छोटी-बड़ी करीब 310 सड़कें बाधित हैं। करीब 400 बिजली ट्रांसफार्मर और 50 पेयजल योजनाएं भी बंद हैं। मौसम विभाग ने कई भागों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।



### अब अनुब्रत मंडल ने छोड़ा 'दीदी' का साथ



कोलकाता। टीएमसी के ऋतब्रत बेनर्जी वाले गुट ने अपनी जिला कमेटी और अध्यक्षों की लिस्ट जारी कर दी है। इस घोषणा में सबसे हैरान करने वाला नाम अनुब्रत मंडल का है। बीरभूम के बड़े नेता मंडल ने ममता बेनर्जी का साथ छोड़ दिया है। वे ऋतब्रत के खेमे में शामिल हो गए हैं। ऋतब्रत गुट ने उन्हें बीरभूम का जिला अध्यक्ष बनाया है।

### टीएमसी के अब तक 15 बैंक खाते फ्रीज

## एक हजार करोड़ बैंक खातों में फंसे तो कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंची पार्टी

अमन लेखनी समाचार/कोलकाता



पश्चिम बंगाल पुलिस ने शुक्रवार को ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तटीएमसी के 12 और बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिए। एक दिन पहले ही पार्टी को कथित तौर पर 440 करोड़ के 3अकाउंट को आंशिक रूप से ऑपरेट करने की इजाजत दी गई थी। अब तक 15 टीएमसी बैंक अकाउंट फ्रीज किए जा चुके हैं, जिनमें कथित तौर पर करीब 1,000 करोड़ जमा हैं। नए फ्रीज किए गए 12 अकाउंट कई पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर के बैंकों के हैं। पुलिस ने अकाउंट होल्डर्स और उन अकाउंट में रिकॉर्ड किए गए आर्थिक ट्रांजैक्शन की डिटेल्स मांगी हैं। यह कदम कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा टीएमसी को एचडीएफसी के 3अकाउंट को आंशिक रूप से ऑपरेट करने की इजाज़त देने के एक दिन बाद आया है, जिसमें रिटायर्ड जस्टिस सुब्रत तालुकदार को 30 सितंबर तक स्पेशल ऑफिसर नियुक्त किया गया है। स्पेशल ऑफिसर के काउंटरसाइन चेक के ज़रिए कर सकती है।

# भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता और सशक्त बूथ संगठन - पंकज चौधरी

## आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की होगी ऐतिहासिक जीत - नीरज सिंह

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ सशक्तीकरण, जनसंपर्क अभियानों, वृक्षारोपण अभियान, डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा कारगिल विजय दिवस सहित विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता और सशक्त बूथ संगठन है। बूथ स्तर पर कार्य करने वाला प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव का वास्तविक योद्धा है और उसी के अथक परिश्रम से संगठन की विजय सुनिश्चित होती है। इसलिए प्रत्येक पदाधिकारी का दायित्व है कि वह बूथ तक निरंतर प्रवास, संवाद और संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करे।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण का संकल्प तभी साकार होगा, जब उत्तर प्रदेश में संगठन और सरकार दोनों पूरी शक्ति के साथ जनता के बीच कार्य करते हुए आगामी सभी चुनावों में विजय प्राप्त करें। प्रदेश के सभी पदाधिकारियों को संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों एवं अभियानों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। प्रत्येक अभियान को केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनसंपर्क और जनविश्वास बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बनाना होगा।

श्री चौधरी ने कहा कि विपक्ष लगातार झूठ, भ्रम और दुष्प्रचार का वातावरण बनाने का प्रयास कर रहा है। ऐसे समय में भाजपा कार्यकताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हमें समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और ऐतिहासिक उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाना है तथा विपक्ष के झूठ का तथ्यों के आधार पर जवाब देना है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार नियमित सम्पर्क व संवाद, सक्रिय प्रवास और कार्यकताओं के साथ आत्मीय संबंध हैं। प्रत्येक पदाधिकारी अपने निर्धारित क्षेत्र में नियमित प्रवास करें, संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करें तथा बूथ स्तर तक कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करें। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से संपन्न करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ संगठन के प्रत्येक अभियान को सफल



बनाएगा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन बूथ आधारित संगठन है और हमारी सभी गतिविधियों का केंद्र बूथ होना चाहिए। जब तक बूथ मजबूत नहीं होगा, तब तक संगठन की शक्ति पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो सकती। इसलिए प्रत्येक पदाधिकारी बूथ सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियमित प्रवास और सतत संपर्क बनाए रखें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पार्टी के प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्यों, पुराने एवं नए कार्यकताओं, पूर्व पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ नियमित सम्पर्क व संवाद स्थापित किया जाए। संगठन का विस्तार और सुदृढ़ीकरण केवल बैठकों से नहीं बल्कि निरंतर संपर्क, समन्वय और सक्रिय सहभागिता से संभव है। सभी पदाधिकारी अपने-अपने दायित्व क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों की नियमित समीक्षा करें और कार्यकताओं के साथ आत्मीय संबंध बनाए रखें। श्री धर्मपाल सिंह ने आगामी वृक्षारोपण अभियान को संगठन का महत्वपूर्ण जनअभियान बताते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज राष्ट्रीय आवश्यकता है। प्रत्येक पदाधिकारी इस अभियान में व्यक्तिगत सहभागिता सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक कार्यकताओं और आमजन को जोड़ते हुए इसे जनआंदोलन का स्वरूप दें। यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहे बल्कि उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया जाए। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का डिजिटल बूथ प्रशिक्षण अभियान संगठन को तकनीक के साथ जोड़ने का एक ऐतिहासिक अभियान है। उत्तर प्रदेश में इस अभियान को व्यापक गति प्रदान करने के लिए प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाए। प्रत्येक बूथ पर अधिक से अधिक कार्यकताओं को सरल ऐप से जोड़कर डिजिटल प्रशिक्षण पूर्ण कराया जाए। डिजिटल रूप से प्रशिक्षित कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से समाज तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह अभियान भविष्य के सशक्त, सक्षम और तकनीक-संपन्न संगठन की आधारशिला बनेगा। प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने कहा कि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पूरे प्रदेश में श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने, पूर्व सैनिकों का सम्मान करने तथा युवाओं में राष्ट्रसेवा की भावना जागृत करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों का आह्वान किया कि अनुशासन, समन्वय और सक्रियता के साथ संगठन द्वारा निर्धारित प्रत्येक कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा कि बैठक में पार्टी को मजबूत प्रदान करने एवं आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत का संकल्प लिया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, प्रियंका रावत, कामेश्वर सिंह, प्रदेश महामंत्री शंकर लाल लोधी, संजय राय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दिनदहाड़े बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने जेवरात और नकदी किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपये के जेवरात, नकदी और जरूरी दस्तावेज चोरी कर फरार हो गए। जानकारी होने के बाद पीड़ित महिला ने थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है है। बिजनौर के अवध रेजिडेंसी निवासी पीड़िता अनामिका सिंह पत्नी राघवेन्द्र प्रताप सिंह के मुताबिक शुक्रवार शाम करीब 3:50 बजे वह घर में ताला बंद कर अपने बच्चों को कोचिंग छोड़ने के लिए निकली थीं। शाम लगभग 4:25 बजे वापस लौटी तो घर के मुख्य गेट का ताला टूटा होने के साथ घर के अंदर जाने पर आलमारी के ताले भी टूटे मिले और उसमें रखे कीमती गहने, नकदी, बच्चों के दस्तावेज सहित कई महत्वपूर्ण कागजात गायब थे। यह देख उसके होश उड़ गए। उसने आनन-फानन इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है।

## दूध व दुग्ध उत्पादों में मिलावट के खिलाफ प्रदेशव्यापी बड़ा अभियान



अमन लेखनी समाचार

- 42 डेयरी इकाइयों पर छापे, 116 नमूने लिए गए, 34 क्विंटल खाद्य पदार्थ जब्त, चार एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त के निर्देशों पर प्रदेश के चिन्हित जिलों में दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से विशेष अंतर्जनपदीय छापामार प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान दूध, पनीर, दही, घी सहित अन्य दुग्ध उत्पादों के निर्माण प्रतिष्ठानों, मिल्क चिलिंग सेंटर, मिल्क कलेक्शन सेंटर एवं गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया।

अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता व्यवस्था, कच्चे माल की गुणवत्ता, अभिलेखों के अनुरक्षण, पैकेजिंग एवं लेबलिंग प्रावधानों तथा संभावित मिलावट की गहन जांच करते हुए प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की गई। विशेष अभियान के अंतर्गत 27 अन्तर्जनपदीय टीमों ने 42 दूध एवं दुग्ध उत्पाद निर्माण इकाइयों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान कुल 116 खाद्य नमूने संग्रहित कर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। साथ ही 34 क्विंटल खाद्य पदार्थ जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 28.50 लाख रुपये है। इसके अतिरिक्त अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में संग्रहीत एवं मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए गए 9 क्विंटल खाद्य पदार्थों का विनष्टीकरण कराया गया, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 8.50 लाख रुपये है। अभियान के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर अमरोहा, अलीगढ़, बदायूं एवं मथुरा में कुल चार एफआईआर दर्ज कराई गईं। मथुरा स्थित अनीता डेयरी पर पूर्व में सील किए गए प्रतिष्ठान को खोलकर बिना लाइसेंस खाद्य पदार्थों का निर्माण करते पाए जाने पर दो नमूने संग्रहित कर एफआईआर दर्ज कराई गई। अमरोहा में उमंग डेयरी लिमिटेड से पांच नमूने लिए गए। यहां 5,000 किलोग्राम व्हे पाउडर तथा 27,875 किलोग्राम स्क्रैप पाउडर, जिनका कुल मूल्य लगभग 25.49 लाख रुपये है, जब्त किया गया। साथ ही अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्मित 699 किलोग्राम बटर एवं 99 किलोग्राम पनीर का विनष्टीकरण कराया गया। जांच में वेजिटेबल फैट एवं प्रतिबंधित अपमिश्रकों की सहायता से बटर निर्माण पाए जाने पर एफआईआर दर्ज की गई। अलीगढ़ के ग्राम सुदेशपुर, चंडौस स्थित बरकत अली की पनीर निर्माणशाला से नौ नमूने लिए गए। मौके पर 200 लीटर दूध एवं 400 किलोग्राम नकली पनीर नष्ट कराया गया तथा अपमिश्रकों की सहायता से नकली पनीर बनाने पर एफआईआर दर्ज की गई। बदायूं के ग्राम कोल्हाई स्थित कादरी डेयरी से आठ नमूने लिए गए। यहां चीनी, रिफाइंड पामोलीन ऑयल एवं घी जब्त किया गया तथा 78 लीटर अपमिश्रित दूध का विनष्टीकरण कराया गया। रिफाइंड ऑयल एवं अन्य अपमिश्रकों की सहायता से नकली दूध एवं घी तैयार किए जाने पर एफआईआर दर्ज कराई गई। अन्य प्रमुख कार्रवाइयों में राधिका डेयरी, बलदेव रोड, मथुरा से तीन नमूने संग्रहित कर 88 किलोग्राम घी जब्त किया गया तथा 130 किलोग्राम अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्मित पनीर का विनष्टीकरण कराया गया। वहीं मधु डेयरी, सादाबाद रोड, मथुरा से चार नमूने लेकर मिलावट के संदेह में 104 किलोग्राम घी जब्त किया गया।

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान छोटे एवं खुदरा कारोबारियों अथवा हाकरों का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न न किया जाए। विभाग की कार्रवाई संगठित रूप से मिलावट करने वाले तत्वों के विरुद्ध निरंतर जारी रहेगी तथा आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए ऐसे विशेष अभियान आगे भी संचालित किए जाएंगे।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लोकबंधु अस्पताल प्रकरण में दिये जांच के आदेश

अमन लेखनी समाचार

- लोकबंधु अस्पताल की इमरजेंसी में टॉर्च की रोशनी में इलाज का मामला

**लखनऊ।** प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आशियाना स्थित लोकबंधु राज नारायण संयुक्त, चिकित्सालय में टॉर्च की रोशनी में इलाज करने तथा अव्यवस्थाओं संबंधी सोशल मीडिया पर वायरल खबर का संज्ञान लेते हुए मेरे द्वारा महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को उक्त प्रकरण की जांच कराकर प्रकरण के संबंध में स्पष्टीकरण सहित प्रभावी कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करने के आदेश दिए गये हैं। यदि कही भी किसी भी प्रकार की कोई असुविधा या लापरवाही होती है दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

स्वास्थ्य महानिदेशक (डीजी) डा. पवन कुमार अरुण ने शनिवार सुबह करीब 10 बजे अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी की बिजली आपूर्ति, जनरेटर और इनवर्टर बैकअप की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया और पूरे मामले की जांच शुरू करा दी।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने अस्पताल प्रशासन से स्पष्ट पूछा कि बिजली गयी तो जनरेटर और इनवर्टर क्यों नहीं चला। जिम्मेदार अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं पाए। उन्होंने बिजली आपूर्ति से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को सात दिन के भीतर सभी कमियां दूर कर व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अपर निदेशक विद्युत को भी बिजली व्यवस्था देखने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने कार्यवाहक निदेशक डॉ. राजेश कुमार और कार्यवाहक सीएमएस डॉ. पीसी तिवारी पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन सबसे पहले अस्पताल का राउंड करें। इमरजेंसी सहित सभी प्रमुख विभागों की व्यवस्थाओं का स्वयं निरीक्षण करें। अस्पताल में साफ-सफाई, बिजली, पेयजल, दवा उपलब्धता और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की लगातार निगरानी की जाए। सात दिन बाद व्यवस्थाओं की दोबारा समीक्षा की जाएगी। यदि निर्धारित समय में कमियां दूर नहीं मिलीं तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## घबराइए मत, सबकी होगी भरपूर मदद

### गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी ने करीब 250 लोगों से मुलाकात कर सुनीं समस्याएं

**गोरखपुर।** जनसेवा सर्वोपरि के ध्येय से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह मौसम प्रतिकूल होने के बावजूद जन समस्याओं के निस्तारण के निस्तारण के लिए जनता दर्शन किया। बारिश में दूरदराज से आए लोगों से उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, घबराइए मत, हर समस्या का समाधान कराया जाएगा, सरकार सबकी भरपूर मदद करेगी। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। साथ ही गरीबों की भूमि पर कब्जा करने वाले दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।



बारिश के चलते, मुख्यमंत्री के निर्देश पर लोगों की सुविधा के लिए शनिवार सुबह जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचकर मुख्यमंत्री ने उनकी पीड़ा जानीं। उन्हें आश्वस्त किया कि सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने पट्टीदारों द्वारा तो कुछ ने दबंगों द्वारा उनकी जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पारिवारिक जमीनी विवादों की स्थिति में पैमाइश व अन्य जांच कराने के बाद निष्पक्ष निस्तारण किया जाए। यदि किसी दबंग ने किसी गरीब की जमीन हड़पी है तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। हर बार की तरह शनिवार को भी जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। ऐसे मामलों में सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। प्रातःकाल गुरु गोरखनाथ और अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी का आशीर्वाद लेने के बाद सीएम योगी ने मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोवंश को अपने हाथ से गुड़-रोटी खिलाकर उन पर स्नेह बरसाया।

## जिला पंचायतों के अधिकार सीमित करना ग्रामीण लोकतंत्र पर हमला : लोकदल

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिला पंचायत चुनाव समय पर न कराए जाने तथा जिला पंचायत अध्यक्षों और उपाध्यक्षों को सीमित अधिकारों के साथ कार्यकाल विस्तार दिए जाने के प्रस्तावित कदम की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह फैसला लोकतंत्र, पंचायती राज व्यवस्था और संविधान के 73वें संशोधन की भावना पर सीधा हमला है। चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि सरकार चुने हुए जनप्रतिनिधियों को केवल नाम मात्र का अधिकार देकर वास्तविक नियंत्रण जिला प्रशासन और अफसरशाही के हाथों में सौंपना चाहती है। यह गांवों की सरकार पर अफसरशाही का कब्जा स्थापित करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि यदि जिला पंचायत अध्यक्ष जनता के वोट से चुने गए हैं, तो उनके अधिकार सीमित क्यों किए जा रहे हैं? यदि सरकार लोकतंत्र में विश्वास करती है, तो समय पर पंचायत चुनाव कराने से डर क्यों रही है? उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत चुनाव टालना और निर्वाचित प्रतिनिधियों को सीमित अधिकार देकर काम कराने की व्यवस्था ग्रामीण लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश है। गांवों के विकास, सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य योजनाओं का निर्णय जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को करना चाहिए, न कि अफसरशाही को।

लोकदल ने मांग की कि जिला पंचायत चुनाव तत्काल घोषित किए जाएं, सीमित अधिकारों वाला कार्यकाल विस्तार वापस लिया जाए, जिला पंचायतों के सभी वैधानिक अधिकार निर्वाचित प्रतिनिधियों को दिए जाएं और जिला पंचायतों में अफसरशाही का अनावश्यक हस्तक्षेप समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि गांव की सत्ता गांव को दो। पंचायतों पर अफसरशाही नहीं चलेगी। चुनाव से भागना बंद करो और ग्रामीण लोकतंत्र की हत्या बंद करो।

## अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह 15 को

अमन लेखनी समाचार

- 11053 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी छात्राओं की संख्या 7618

**लखनऊ।** अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी का दूसरा दीक्षांत समारोह में 15 जुलाई को होगा, इसमें प्रदेश भर के एमबीबीएस, एमडी, एमएस, नर्सिंग व पैरामेडिकल कोर्स के मेधावियों को उपाधि देकर सम्मानित किया जाएगा। 55 मेधावियों को गोल्ड व सिल्वर मेडल से नवाजा जाएगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मंच पर 25 मेधावियों को मेडल से सम्मानित करेंगी। यह जानकारी शनिवार को कुलपति डॉ. अमित देवगन ने पत्रकार वार्ता में देते हुए कहा डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 69 प्रतिशत छात्राएं हैं, जबकि छात्रों की हिस्सेदारी 31 प्रतिशत है।

यूनिवर्सिटी कुल 11053 छात्र-छात्राओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें 7618 छात्राएं और 3435 छात्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी के प्रेक्षागृह में सुबह 10 बजे से दीक्षांत समारोह में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। मुख्य अतिथि सर्जन वाइस एडमिरल केएम अधिकारी होंगे। गोल्ड मेडलिस्ट कॉलेज में रितिका रंजन डॉ.भीमराव रामजी मेडिकल कॉलेज कन्नौज, तनु कुमारी बिंद जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर, मोनिका यादव सरस्वती डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, लखनऊ, नीनाद दास करियर पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल कॉलेज, लखनऊ, परिधि अग्रवाल कोठीवॉल डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, आस्था वर्मा आईटीएस डेंटल कॉलेज ग्रेटर नोयडा, लालनूनपुई पाउटू आईटीएस डेंटल कॉलेज ग्रेटर नोयडा, अपूर्वा चड्ढा डीजे कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर मोदीनगर, रिया सहाय सरदार पटेल पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल एंड मेडिकल साइंसेज, लखनऊ, राधा कुमारी केडी डेंटल कॉलेज, मथुरा, सुभम कुमार श्रीवास्तव सरदार पटेल पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल, लखनऊ, इलमा असरफ आईटीएस इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ गाजियाबाद, डॉ. अनूप कुमार वाष्णेय सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज, आगरा, डॉ. अवंतिका बंसल जीएसवीएम कानपुर, डॉ. ओमवीर सिंह कमांड हॉस्पिटल, सेंट्रल कमांड, डॉ. अमन अग्रवाल हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बाराबंकी, डॉ. शिवम सिंह बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर, डॉ. निष्ठा भारद्वाज श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट बरेली, डॉ. गीतांजलि छपरिया मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रयागराज, डॉ. रेहाना अंसारी बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर, डॉ. शिवांगी अग्रवाल सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज, आगरा, डॉ. नवकिरण धनोटा मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज, डॉ. अनन्या त्रिपाठी जीएसवीएम कानपुर, ऋचा ज्योतिभूषन तिवारी कांति देवी मेडिकल कॉलेज, मथुरा, डॉ. शिवानी चौधरी सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल हापुड़, डॉ. शिवानी शर्मा बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज गोरखपुर, डॉ. रोहित शर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ आगरा, डॉ. वीना थराड आरएलबी झांसी, डॉ. अमन कुमार मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज और काव्या पांडेय कैलास इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग गौतमबुद्ध नगर को दिया जाएगा।

## बूथ स्तर पर कार्य करने वाला हर कार्यकर्ता चुनाव का वास्तविक योद्धा : पंकज चौधरी

### भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तार से हुई चर्चा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ सशक्तीकरण, जनसंपर्क अभियानों, पौधरोपण अभियान, डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा कारगिल विजय दिवस सहित विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता और सशक्त बूथ संगठन है। बूथ स्तर



पर कार्य करने वाला प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव का वास्तविक योद्धा है और उसी के अथक परिश्रम से संगठन की विजय सुनिश्चित होती है इसलिए प्रत्येक पदाधिकारी का दायित्व है कि वह बूथ तक निरंतर प्रवास, संवाद और संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण का संकल्प तभी साकार होगा, जब उत्तर प्रदेश में संगठन और सरकार दोनों पूरी शक्ति के साथ जनता के बीच कार्य करते हुए आगामी सभी चुनावों में विजय प्राप्त करें। प्रदेश के सभी पदाधिकारियों को संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों एवं अभियानों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। प्रत्येक अभियान को केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनसंपर्क और जनविश्वास बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बनाना होगा।

उन्होंने कहा कि विपक्ष लगातार झूठ, भ्रम और दुष्प्रचार का वातावरण बनाने का प्रयास कर रहा है। ऐसे समय में भाजपा कार्यकताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हमें समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और ऐतिहासिक उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाना है तथा विपक्ष के झूठ का तथ्यों के आधार पर जवाब देना है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार नियमित सम्पर्क व संवाद, सक्रिय प्रवास और कार्यकताओं के साथ आत्मीय संबंध हैं। प्रत्येक पदाधिकारी अपने निर्धारित क्षेत्र में नियमित प्रवास करें, संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करें तथा बूथ स्तर तक कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करें। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से संपन्न करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ संगठन के प्रत्येक अभियान को सफल बनाएगा।

**आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा :** प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भाजपा का संगठन बूथ आधारित संगठन है और हमारी सभी गतिविधियों का केंद्र बूथ होना चाहिए। जब तक बूथ मजबूत नहीं होगा, तब तक संगठन की शक्ति पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो सकती। इसलिए प्रत्येक पदाधिकारी बूथ सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियमित प्रवास और सतत संपर्क बनाए रखें।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पार्टी के प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्यों, पुराने एवं नए कार्यकताओं, पूर्व पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ नियमित सम्पर्क व संवाद स्थापित किया जाए। संगठन का विस्तार और सुदृढ़ीकरण केवल बैठकों से नहीं बल्कि निरंतर संपर्क, समन्वय और सक्रिय सहभागिता से संभव है। सभी पदाधिकारी अपने-अपने दायित्व क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों की नियमित समीक्षा करें और कार्यकताओं के साथ आत्मीय संबंध बनाए रखें।

धर्मपाल सिंह ने आगामी पौधरोपण अभियान को संगठन का महत्वपूर्ण जनअभियान बताते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज राष्ट्रीय आवश्यकता है। प्रत्येक पदाधिकारी इस अभियान में व्यक्तिगत सहभागिता सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक कार्यकताओं और आमजन को जोड़ते हुए इसे जनआंदोलन का स्वरूप दें। यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहे बल्कि उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया जाए।

## अखिलेश यादव मेरठ में छात्रा के पीड़ित परिजनों से मिले

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मेरठ में हुई दलित छात्रा ललिता गौतम की हत्या के मामले में पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और न्याय की इस लड़ाई में साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पीड़ित परिवार की हर मांग पूरी करें, मृतक बेटी को न्याय मिले।



अखिलेश यादव ने कहा कि मेरठ की बेटी के साथ हुए महाअत्याचार व हत्या के बाद जिस तरह नामजद आरोपियों पर कमजोर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है और आंदोलनकारियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा लगाया गया है, वो नाइंसाफी की पराकाष्ठा है। इससे भी अधिक गंभीर बात ये है कि जिस पुलिस से न्याय की उम्मीद होती है, उनके ही उच्चाधिकारी अन्याय और अपने अहंकार के अनवरत झापड़ आम जनता के गाल पर मार रहे हैं, पूरी दुनिया में फैल चुका जिसका वीडियो उत्तर प्रदेश की पुलिस की छवि को खंडित कर रहा है। इससे वो पुलिसकर्मी भी शर्मिंदा हैं जो अपनी कर्तव्यपरायणता और आम जनता के प्रति संवेदनशील हैं और सदैव मानवीय दृष्टिकोण से अपना काम करते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए अब सहेगा नहीं, कहेगा। सच तो ये है कि जिस राज्य का मुख्य ही महिलाओं के साथ, विशेष रूप से एक युवा मृतक की शोक-संतप्त मां से सरेआम अभद्रता का वाचन करे, उसकी पुलिस से कोई भी उम्मीद करना बेमानी है।

# संक्षेप

## ट्रेन के सामने कूदकर वृद्ध ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

बीघापुर, उन्नाव। रेलवे स्टेशन बीघापुर पर कोतवाली क्षेत्र के गांव मगरायर निवासी 70 वर्षीय रामकुमार की उन्नाव से आ रही कानपुर प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन से कटने से मौत हो गई।स्टेशन मास्टर द्वारा दी गई सूचना पर मौके पर पहुँची जीआरपी व कोतवाली पुलिस को मृतक के कपड़ों में एक कागज में लिखे मिले मोबाईल नम्बरों पर फोन करके उसकी पहचान हो गई। चर्चा है कि मृतक ने पारिवारिक कलह के कारण ट्रेन से कटकर जान दी है।मृतक के 2 पुत्रियां व तीन पुत्र हैं जिनमे राहुल व पारुल अविवाहित हैं। राहुल विदेश में रहता था परन्तु इस समय घर पर ही है । वह बड़े पुत्र राम औतार व उसकी पत्नी के साथ रहकर खेती बाड़ी व मजदूरी करता था । कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## अपने घर के अंदर सो रहे युवक को जहरीले कीड़े ने काटा हुई मौत

सफीपुर, उन्नाव। घर मे सो रहे ई रिक्शा चालक को जहरीले कीड़े ने काट लिया जिसे लेकर परिजन सीएचसी पहुचे जहा डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेज दिया ।कोतवाली क्षेत्र की पंचायत मिजार्पुर के मजरे ईश्वरी खेड़ा निवासी गांव निवासी राम किशोर कुशवाहा (45) पुत्र रामलाल रात घर मे सोए थे । परिवार के अन्य सदस्य मकान की ऊपरी मंजिल पर सो रहे थे, रात किसी समय रामकिशोर के जहरीले कीड़े ने काट लिया । सुबह परिजन नीचे पहुंचे तो वह अचेत अवस्था में मिले ।परिजन अस्पताल लाए जहां डाक्टर ने रामकिशोर को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी मंजू ने बताया कि ई रिक्शा चलाते थे अपने पीछे दो बेटे व एक बेटी छोड़ गए हैं। कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि सूचना पर शव कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेजा गया है।

## फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मऊ मंसूरपुर गांव में शनिवार सुबह एक किसान का शव पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।मृतक की पहचान 50 वर्षीय ननन्के पुत्र भगत के रूप में हुई है। वह शनिवार सुबह बिना बताए घर से निकले थे। गांव के बाहर कुंजी लाल के कटहल के पेड़ में साड़ी के फंदे से उनका शव लटका हुआ पाया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी।परिजनों ने बताया कि ननन्के पेट की बीमारी से परेशान रहते थे। उनके बड़े पुत्र बबलू ने जानकारी दी कि उनके पिता किसानी का कार्य करते थे। मृतक की पत्नी का तीन वर्ष पूर्व देहांत हो चुका है। उनके अन्य पुत्रों में रामेंद्र और दीपक शामिल हैं, जबकि उनकी एक पुत्री विवाहित है। कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि- ₹ शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

# शंकराचार्य स्वामी का भक्तों ने पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। नगर पंचायत स्थित मां संदोही देवी प्रांगण में गौ रक्षा यात्रा के जनजागरण अभियान के तहत पहुंचे ज्योतिषपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का भक्तों एवं अनुयायियों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। लगभग एक घंटे की देरी से पहुंचे शंकराचार्य ने करीब 35 मिनट तक संबोधित करते हुए गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग दोहराई।

उन्होंने कहा कि वह उत्तर प्रदेश की 300 से अधिक विधानसभाओं में जाकर गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के समर्थन में जनजागरण कर चुके हैं और इस विषय में धीरे-धीरे जनमत तैयार हो रहा है। उन्होंने नारा देते हुए कहा, ₹या तो परिष्कार, नहीं तो बहिष्कार। गलती सुधार लो, नहीं तो बहिष्कार किया जाएगा।₹

उन्होंने कहा कि स्वयं को हिंदू और सनातन समर्थक बताने वाली सरकारों के शासन में भी गोवंश की हत्या होना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने लोगों से वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में गौ माता के मुद्दे को प्रमुखता देने की अपील की। साथ ही 24 जुलाई को लखनऊ पहुंचकर गौ संरक्षण के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में गोपाष्टमी से पूर्व गोधाम स्थापना के लिए एक रुपये से लेकर 500 रुपये तक सहयोग देने की भी अपील की।कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ नेता अंकित सिंह परिहार ने किया। इस अवसर पर वीर प्रताप सिंह, दुर्गेश सिंह यादव, गुड्डू शुक्ला, विवेक पटेल, के.के. द्विवेदी, विजय मास्टर, अतुल हनुमत सिंह, नारायण पाल, उदय प्रताप सिंह, बाराती चौधरी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लाला उमानाथ, ब्रजकिशोर वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं की अच्छी उपस्थिति रही, जबकि स्थानीय भाजपा नेताओं की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही।

पत्रकार वार्ता में शंकराचार्य ने प्रदेश की गौशालाओं में गोवंशों की मृत्यु पर चिंता व्यक्त की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सनातन को समाजवाद बताए जाने संबंधी प्रश्न पर उन्होंने कहा कि वह पहले इस कथन का अध्ययन करेंगे, उसके बाद ही विस्तृत प्रतिक्रिया देंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि अनेक स्थानों से उन्हें जानकारी मिल रही है कि गौ संरक्षण केंद्र अपेक्षित उद्देश्य पूरे नहीं कर पा रहे हैं। भाजपा, आरएसएस एवं उनके सहयोगी संगठनों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अभी तक गाय को राष्ट्रमाता घोषित नहीं किया गया, जबकि ये संगठन स्वयं को सनातन और हिंदू समर्थक बताते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में पकड़े जाने वाले मांस के कई मामलों में गोवंश के मांस की पुष्टि होने की बातें सामने आती रही हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया है कि उन्नाव स्लॉटर हाउस का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है तथा स्लॉटर हाउस की अनुमति लेने वालों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और देशवासियों से गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए एकजुट होकर संकल्प लेने का आह्वान किया।

शंकराचार्य ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करना नहीं है। उन्होंने कहा कि वह न प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं और न ही किसी से प्रतिस्पर्धा रखते हैं, बल्कि कथनी और करनी में अंतर दिखाई देने के कारण जनजागरण अभियान चला रहे हैं।

# लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे 31 विधानसभा क्षेत्रों की बदलेगी तकदीर, 13 जुलाई को 3 दिग्गजों के हाथों होगा उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

उन्नावः उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और औद्योगिक शहर कानपुर के बीच सफर अब चंद मिनटों का होगा। बहुप्रतीक्षित लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन 13 जुलाई को उन्नाव की पुरवा विधानसभा अंतर्गत पड़री खुर्द में होने जा रहा है। इस भव्य कार्यक्रम में देश-प्रदेश के तीन कद्दावर नेता एक साथ शिरकत करेंगे, जो न केवल विकास की नई इबारत लिखेंगे बल्कि प्रदेश के 31 विधानसभा क्षेत्रों के लिए सौगातों का पिटारा भी खोलेंगे।

### उद्घाटन के लिए सज रहा है मंच, तीन हेलीकॉप्टर भरेंगे उड़ान

कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। 13 जुलाई को कार्यक्रम स्थल पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन होगा। इन तीनों दिग्गजों के हेलीकॉप्टर पड़री खुर्द में उतरेंगे। इसके बाद, तीनों नेता बटन दबाकर एक्सप्रेस-वे का आधिकारिक उद्घाटन करेंगे।

उद्घाटन के बाद एक खास नजारा भी देखने को मिलेगा, जब ये तीनों दिग्गज एक्सप्रेस-वे पर कुछ दूर तक पैदल चलकर नवनिर्मित मार्ग की गुणवत्ता और सुविधाओं का जायजा लेंगे। इसके बाद वे वाहनों के काफिले में सवार होकर सीधे लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित सैनिक स्कूल के पास पहुंचेंगे, जहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

### 31 विधानसभा क्षेत्रों की बदलेगी तस्वीर

यह एक्सप्रेस-वे केवल दो शहरों को नहीं, बल्कि विकास की मुख्यधारा से 31 विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने का काम करेगा। इसका सीधा लाभः

लखनऊः 9 विधानसभा क्षेत्र

उन्नावः 6 विधानसभा क्षेत्र

कानपुर नगरः 10 विधानसभा क्षेत्र

रायबरेलीः 9 विधानसभा क्षेत्र के निवासियों को मिलेगा।

इंजीनियरिंग का नायाब नमूनाः देश की दूसरी सबसे लंबी एलिवेटेड रोड

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई लगभग 62 किलोमीटर है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता इसमें शामिल 13.1 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड है। यह घनी आबादी वाले क्षेत्र से गुजरने वाली देश की दूसरी सबसे लंबी एलिवेटेड रोड होगी। देश में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर लगभग 15 किलोमीटर की सबसे लंबी एलिवेटेड रोड है।

यह एलिवेटेड हिस्सा लखनऊ के अमौसी, सरोजिनी नगर और उन्नाव के दरोगाखेड़ा से होकर गुजरेगा। इस निर्माण की खासियत यह है कि इससे स्थानीय यातायात बाधित नहीं होगा और लोग हाई-स्पीड में सफर का आनंद ले सकेंगे। इस परियोजना के पूरा होने से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि क्षेत्र में औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को भी पंख लगेंगे।

# शत्रु संपत्ति की 10वीं ई-नीलामी स्थगित, प्रशासनिक व्यस्तता बनी वजह

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद उन्नाव की तहसीलों हसनगंज और पुरवा में स्थित शत्रु संपत्तियों की नीलामी का इंतजार कर रहे लोगों को फिलहाल अभी और प्रतीक्षा करनी होगी। गृह मंत्रालय, नई दिल्ली (MHA CEPI Delhi) के कुछ अति महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के चलते शत्रु संपत्ति की 10वीं ई-नीलामी को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।

### प्रशासन ने जारी की सूचना

तहसील प्रशासन पुरवा द्वारा इस संबंध में आधिकारिक जानकारी साझा की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विभागीय व्यस्तताओं और उच्च स्तरीय कार्यक्रमों के कारण नीलामी प्रक्रिया को फिलहाल रोक दिया गया है। गौरतलब है कि हसनगंज और पुरवा तहसील क्षेत्र में चिन्हित इन संपत्तियों की नीलामी को लेकर काफी समय से तैयारी चल रही थी।

### नई तिथि की जल्द होगी घोषणा

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, ई-नीलामी के स्थगन से संबंधित आदेश मिलते ही प्रक्रिया को रोक दिया गया है। अब इस नीलामी की अगली तिथि और समय का निर्धारण कर इसकी सूचना जल्द ही अलग से जारी की जाएगी। संबंधित आवेदकों और बोलीदाताओं से अपील की गई है कि वे आधिकारिक वेबसाइट और तहसील प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सूचनाओं पर नजर बनाए रखें।

# दिनदहाड़े ई-रिक्शा से आया युवक, दुकान के बाहर से पीतल का घंटा उड़ा ले गया

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस की तमाम दावों के बावजूद चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बालूघाट का है, जहां दिनदहाड़े एक युवक ने बर्तन की दुकान को निशाना बनाया। चोर ई-रिक्शा पर सवार होकर आया और बड़ी सफाई से पीतल का घंटा पार कर दिया। चोरी की यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। शनिवार सुबह जब घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

### ई-रिक्शा से आया, पलक झपकते ही हो गया फरार

घटना शुक्रवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसार, बालूघाट स्थित नए गंगा पुल के पास गणेश बर्तन भंडार है। दोपहर के समय एक युवक ई-रिक्शा से दुकान के पास पहुंचा। उसने पहले आसपास का जायजा लिया और मौका पाते ही दुकान के बाहर रखा पीतल का घंटा उठाया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, वह वापस ई-रिक्शा में बैठा और रफूचक्कर हो गया। दुकानदार को जब चोरी की भनक लगी, तो उसने फौरन सीसीटीवी खंगाले, जिसमें पूरी घटना साफ-साफ रिकॉर्ड मिली।

### फुटेज हुई वायरल, व्यापारियों में भारी रोष

दुकानदार ने आरोपित को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। वीडियो में युवक का चेहरा स्पष्ट नजर आ रहा है। दुकान संचालक ने लोगों से अपील की है कि यदि यह व्यक्ति कहीं दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस घटना के बाद से स्थानीय व्यापारियों में खासा आक्रोश है। उनका कहना है कि दिनदहाड़े हो रही इस तरह की चोरियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

### पुलिस खंगाल रही सुराग

घटना की सूचना मिलते ही गंगाघाट कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को आधार बनाकर आरोपी की शिनाख्त में जुटी है। पुलिस का कहना है कि चोर के भागने के संभावित रास्तों पर लगे अन्य कैमरों की भी जांच की जा रही है। जल्द ही संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# थाना परिसर में आयोजित हुआ समाधान दिवस, फरियादियों की सुनी गयीं समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय थाना परिसर में आज शासन के निर्देशानुसार आयोजित 'समाधान दिवस' (थाना दिवस) में फरियादियों की भीड़ उमड़ी। थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से लोगों की शिकायतें सुनीं थाना दिवस के दौरान मुख्य रूप से जमीनी विवाद, पारिवारिक कलह और जमीनी पैमाइश से जुड़े मामले सामने आए। फरियादियों ने अपनी समस्याओं को लेकर लिखित प्रार्थना पत्र पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपे। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुना और अधिकतर मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित हल्का लेखपालों और पुलिस उप-निरीक्षकों को तत्काल मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बांगरमऊ थाना के अपराध निरीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि फरियादियों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो मामले राजस्व और पुलिस से संबंधित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है। थाना दिवस में प्राप्त अधिकांश शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही करने का प्रयास किया गया, जबकि शेष मामलों के लिए समयबद्ध निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। थाना परिसर में आयोजित इस समाधान दिवस के दौरान पुलिस बल के साथ-साथ तहसील के संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे, जिससे राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान और भी सुगम हो गया। क्षेत्र के लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि थाना दिवस के माध्यम से उनकी समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुँचाने में आसानी होती है।

# जल भराव व जर्जर सड़क से परेशान मोहल्लेवासियों ने किया प्रदर्शन


अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लोकनगर मोहल्ले में शनिवार दोपहर जलभराव और जर्जर सड़क की समस्या से परेशान लोगों ने प्रदर्शन किया। वार्ड सभासद पंकज वर्मा के नेतृत्व में मोहल्लेवासी सड़क पर धरने पर बैठ गए और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलने पर सदर विधायक पंकज गुप्ता मौके पर पहुंचे और दो-तीन दिनों में सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बारिश के बाद लोकनगर क्षेत्र की सड़कों पर पानी भर जाता है, जिससे घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। जगह-जगह सड़क टूटी हुई है और गड्ढों में पानी भरने से राहगीरों तथा दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं।सभासद पंकज वर्मा ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर नगर पालिका के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों की शिकायतों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। यदि जल्द सड़क निर्माण और जलनिकासी की व्यवस्था नहीं कराई गई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।लोगों ने बताया कि जलभराव के कारण गंदगी और दुर्गंध फैल रही है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बरसात के मौसम में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कत होती है। उन्होंने नगर पालिका से तत्काल जलनिकासी की व्यवस्था कराने और क्षतिग्रस्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने की मांग की।धरने के दौरान काफी देर तक लोग सड़क पर बैठे रहे। प्रदर्शन की सूचना पर सदर विधायक पंकज गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे लोगों से बातचीत की और आगामी दो से तीन दिनों में सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। लोगों ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराने की मांग की, ताकि बरसात के दौरान लोगों को राहत मिल सके।

# हरिद्वार से बीस वर्ष पहले लापता हुए पिता की तलाश में दर-दर भटक रहा बेटा

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के दुगार्गंज कुंदनपुर निवासी कल्लू पुत्र राम किशन आज से 20 वर्ष पूर्व हरिद्वार यात्रा पर गए थे वहीं से वो संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गए थे परिजनों का कहना है की उस समय हरिद्वार पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र के जरिए मामले से अवगत कराया गया था पर उनका कोई सुराग नहीं लग सका गुमशुदा कल्लू के पुत्र अजीत कुमार ने बताया की उस वक्त मेरी उम्र 15 वर्ष की थी पिता जी को खोजते खोजते आज मेरी उम्र 35 वर्ष हो गई पर कोई पता नहीं चल पाया पर अजीत कुमार ने अभी तक हार नहीं मानी और अभी भी वो अपने पिता की तलाश में कोई कसर नहीं छोड़ रहे साथ ही समस्त जन समुदाय अपील की है कि कहीं मेरे पिता की जानकारी मिले तो संबंधित थाने में सूचना दें।

# पदाधिकारियों ने आवास पर पहुंच कर विधायक को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर की श्री दोसर वैश्य सेवा समिति के अनुरोध पर विधायक श्रीकांत कटियार द्वारा अपनी विधायक निधि से यहां के उन्नाव मार्ग पर वैश्य शिरोमणि परम दानवीर भामाशाह द्वार की स्थापना करा दी गई है। शनिवार को समिति के पदाधिकारियो ने विधायक के आवास पहुंच कर उन्हें सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष विकास गुप्ता और भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता के नेतृत्व में आज शनिवार को समिति के सभी पदाधिकारी विधायक कटियार के नगर स्थित आवास पहुंचे। जहां सभी पदाधिकारियों ने प्रमुख मार्ग पर वैश्य शिरोमणि भामाशाह के नाम से द्वार स्थापित करवाए जाने को लेकर आभार व्यक्त किया। समिति सदस्यों ने विधायक से समिति के कार्यालय हेतु भूमि आवंटित करने तथा किसी पार्क का नामकरण भामाशाह के नाम पर करने आदि मांगें उठाई। इसपर विधायक कटियार ने सभी मांगे जल्द पूर्ण करने का आश्वासन दिया। सम्मानित करने में समिति उपाध्यक्ष बाला राव गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, अनिल गुप्ता, महामंत्री सुरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, फूलचंद्र गुप्ता, प्रबंधक राजू गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मंत्री प्रिंशू गुप्ता, अंकित गुप्ता, अनुराग गुप्ता, आशीष गुप्ता, रामकिशन गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता व मनोज गुप्ता सहित सभी पदाधिकारी शामिल रहे।

# शिकायतों के बाद भी नहीं सुधरी नलकूप संख्या 47 किसान परेशान

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद में स्थित राजकीय नलकूप संख्या 47 एसजी की बदहाल सफाई व्यवस्था किसानों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि नलकूप परिसर में लंबे समय से गंदगी फैली हुई है, लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि नलकूप विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित कनिष्ठ अभियंता (जेई) हरिनारायण कनौजिया को भी कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से इस समस्या से अवगत कराया गया। इसके बावजूद आज तक न तो सफाई कराई गई और न ही किसी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेना उचित समझा। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। किसानों का कहना है कि यह नलकूप क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। यदि समय रहते इसकी नियमित सफाई और रखरखाव नहीं कराया गया तो भविष्य में नलकूप के संचालन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे किसानों को सिंचाई संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उनका आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण उनकी समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बाद भी कार्रवाई न होना प्रशासनिक उदासीनता को दशार्ता है। उनका आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, जबकि किसानों को केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, सिंचाई विभाग तथा नलकूप विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए नलकूप संख्या 47 एसजी की तत्काल सफाई कराई जाए। साथ ही, यदि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई है, तो जिम्मेदारी तय कर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसानों की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के साथ-साथ लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए भी बाध्य होंगे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग ओम प्रकाश मिश्रा की मौत हो गई। लक्ष्मी टॉकीज के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वह अपनी ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे थे। मृतक की पहचान आदर्श नगर निवासी ओम प्रकाश मिश्रा पुत्र स्वर्गीय बाबू लाल मिश्रा के रूप में हुई है। परिजनों ने शनिवार सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर घटना की जानकारी दी। ओम प्रकाश मिश्रा लंबे समय तक शुक्लागंज स्थित सरस्वती टॉकीज में मैनेजर के पद पर कार्यरत रहे थे। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार रात ओम प्रकाश मिश्रा रोज की तरह टॉकीज से अपना काम खत्म कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान लक्ष्मी टॉकीज के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया ।राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में ओम प्रकाश मिश्रा को अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक अपने पीछे पत्नी पुष्पा मिश्रा और तीन पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। पुलिस ने मामले में अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि जिम्मेदार वाहन और चालक की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## गाली गलौज करने को किया मना तो की मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत गाली देने से मना करने पर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को जमकर पीट दिया। पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गाँव गुलरिहा निवासी रामचंद्र ने तहरीर देकर बताया कि 30 जून शाम को गाँव के ही छेदीलाल ,मिथुन व अंकी निवासी ग्राम परसण्डा अचानक दारु पीकर गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर लाठी डण्डों व ईट उसकी पुत्री व उसको मारा पीटा साथ ही विपक्षी द्वारा परिवार को जान से मरने की धमकी लगातार दी जा रही है ।थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया आवश्यक कार्रवाई की जा रही ।

# साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही 12 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस ने अपराध और साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग अभियानों में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जयप्रकाश सिंह ने शनिवार दोपहर पुलिस लाइन में इसका खुलासा किया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक लूटी गई सोने की चेन, नौ स्मार्टफोन, दो छीने गए मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गईं दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इसके अतिरिक्त, साइबर ठगी से जुड़े संदिग्ध खातों में एक लाख रुपये फ्रीज कराए गए हैं। कोतवाली सदर पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हुसैन नगर के पास नहर पुलिया से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गंगाघाट निवासी सागर गौतम, कानपुर नगर के काकादेव निवासी अर्जुन कुमार और हरदोई के संडीला निवासी अभिषेक सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से लगभग 12 ग्राम वजन की पीली धातु की चेन और वारदात में प्रयुक्त होंडा शाइन मोटरसाइकिल (UP30 AB8588) बरामद की ।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सागर और अर्जुन महिलाओं को निशाना बनाकर चेन लूटते थे, जबकि अभिषेक उनके रहने-खाने की व्यवस्था करने के साथ लूटी गई चेन बेचने का काम करता था। गिरोह ने 7 जुलाई को एबी नगर में एक महिला से चेन लूटने का प्रयास किया था और आदर्श नगर में एक महिला के गले से सोने की चेन लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। बरामद चेन की पहचान पीड़ित पक्ष ने मौके पर ही कर ली। गिरफ्तार मुख्य आरोपी सागर गौतम के खिलाफ पहले से चोरी, धोखाधड़ी, जालसाजी और एनडीपीएस एक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। साइबर क्राइम थाना, सर्विलांस टीम और कोतवाली सदर पुलिस ने एक अन्य संयुक्त कार्रवाई में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, ये आरोपी साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाले म्यूल बैंक खातों के जरिए ऑनलाइन ठगी की रकम निकालकर कमीशन के आधार पर बांटते थे। तीनों मामलों में गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## सम्पादकीय

# फिर अनिश्चितता के भंवर में दुनिया

मध्य-पूर्व एक बार फिर अशांत होता दिखाई दे रहा है। ईरान के अड़ियल रुख और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पलटवार के कारण दुनिया एक बार फिर अनिश्चितता के भंवर में फंस गई है। खाड़ी में युद्ध के कारण कच्चा तेल, गैस और ऊर्जा सभी की महंगाई और टूटती चेन सप्लाई ने लोगों को परेशान कर रखा था। युद्ध विराम के बाद दुनिया कुछ उभरने लगी थी, लेकिन अब होर्मुज में कतर समेत तीन जहाजों पर ईरान का हमला और फिर ट्रम्प का यह कहना कि ईरान के साथ हुआ युद्धविराम (सीजफायर) अब समाप्त हो चुका है और अमेरिका ईरान से कोई नई डील नहीं करना चाहता, क्षेत्र में बढ़ते तनाव का संकेत है। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई, ईरान पर 80 से अधिक ठिकानों पर हवाई हमले और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर हुए हमलों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता बढ़ा दी है। यह घटनाक्रम केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता से जुड़ा हुआ विषय है। इस साल एक तरफ अलनीनो के कारण कमजोर मानसून और दूसरी तरफ ईरान की बेजा हरकत ने दुनिया को परेशानी में डाल दिया है। ईरान ने शांति की सारी उम्मीदों को झटका दे दिया है। अब खाड़ी के देशों को एकजुट होकर ईरान के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। होर्मुज में जहाजों पर हमला किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है। जहाजों पर लोग रोजी-रोटी कमाने के लिए काम करते हैं। ऐसे में उनको निशाना बनाया जाना गलत है। खासकर जहाजों पर काम करने वालों में अधिकतर भारतीय हैं। ऐसे में दुनिया के किसी भी जहाज पर हमला भारतीय नागरिकों पर हमले जैसा है। भारत सरकार को भी ईरान को दो टूक कहना चाहिए कि भारतीयों पर हमले स्वीकार्य नहीं हैं। ईरान अपने प्रतिशोध के लिए दूसरा तरीका अपनाए। अमेरिका का तर्क है कि ईरान समर्थित गतिविधियों और उसके परमाणु कार्यक्रम से क्षेत्रीय तथा वैश्विक सुरक्षा को खतरा है। दूसरी ओर ईरान इसे अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न मानते हुए सैन्य दबाव के बीच किसी समझौते से इनकार कर रहा है। दोनों देशों के बीच अविश्वास वर्षों पुराना है, लेकिन हाल की घटनाओं ने स्थिति को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। यदि जवाबी कार्रवाई का यह सिलसिला जारी रहता है, तो संघर्ष सीमित नहीं रहेगा और पूरे पश्चिम एशिया को अपनी चपेट में ले सकता है।यदि अमेरिका अपने सहयोगियों से अपेक्षित समर्थन न मिलने की बात कह रहा है, तो यह पश्चिमी देशों की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था में मतभेदों की ओर संकेत करता है। किसी भी अंतरराष्ट्रीय गठबंधन की शक्ति उसकी एकजुटता में होती है। यदि रणनीतिक मतभेद सार्वजनिक रूप से सामने आने लगें, तो इसका लाभ अस्थिरता फैलाने वाली शक्तियां उठा सकती हैं। भारत के लिए भी यह स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की ऊर्जा सुरक्षा, खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लाखों भारतीयों की सुरक्षा और वैश्विक व्यापार से जुड़े हित इस संकट से सीधे प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए भारत को अपनी पारंपरिक संतुलित विदेश नीति के अनुरूप शांति, संवाद और अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान का पक्ष मजबूत करना चाहिए। कुल मिलाकर किसी भी युद्ध में अंततः जीत किसी की नहीं होती, जबकि मानवता, अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्थिरता सबसे अधिक नुकसान उठाती है। अमेरिका और ईरान दोनों को यह समझना होगा कि सैन्य शक्ति भय पैदा कर सकती है, लेकिन विश्वास नहीं। स्थायी शांति केवल बातचीत, पारस्परिक सम्मान और कूटनीतिक समाधान से ही संभव है।

# विश्व राजनीति के नए दौर में भारत



साझेदारी
नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'

इंडोनेशिया के साथ रक्षा और व्यापारिक सहयोग के नए आयाम हों या ऑस्ट्रेलिया के साथ शिक्षा, खनिज संसाधनों और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के प्रयास, ये घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र बन चुका है। विश्व व्यवस्था जिस तीव्र गति से बदल रही है, उसमें भारत अपनी आकांक्षाओं को नए पंख देने के लिए दूरदर्शी कूटनीति और संतुलित विदेश नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। 21वीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति पहले की तुलना में कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी हो गई है। यही कारण है कि भारत आज विश्व के अनेक देशों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया यात्रा ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि आज की दुनिया केवल कूटनीतिक औपचारिकताओं से नहीं चलती, बल्कि राष्ट्रीय हितों, आर्थिक साझेदारियों, तकनीकी सहयोग और मानव संसाधनों के साझा विकास से आगे बढ़ती है। इंडोनेशिया के साथ रक्षा और व्यापारिक सहयोग के नए आयाम हों या ऑस्ट्रेलिया के साथ शिक्षा, खनिज संसाधनों और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के प्रयास, ये घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र बन चुका है। विश्व व्यवस्था जिस तीव्र गति से बदल रही है, उसमें भारत अपनी आकांक्षाओं को नए पंख देने के लिए दूरदर्शी कूटनीति और संतुलित विदेश नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। इक्कीसवीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति पहले की तुलना में कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी हो गई है। पहले देशों के बीच संबंध मुख्यतः सैन्य शक्ति और राजनीतिक प्रभाव तक सीमित थे, लेकिन आज आर्थिक सहयोग, तकनीकी नवाचार, ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार, आपूर्ति शृंखला, शिक्षा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और जलवायु परिवर्तन जैसे विषय वैश्विक संबंधों के केंद्र में आ चुके हैं।

ऐसे समय में भारत ने अपनी विदेश नीति को केवल सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे विकास, निवेश, रोजगार और नागरिकों के भविष्य से जोड़ दिया है। यही कारण है कि भारत आज विश्व के अनेक देशों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभर रहा है। इंडोनेशिया के साथ भारत के संबंध केवल दो मित्र देशों के संबंध नहीं हैं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समुद्री सुरक्षा की साझा जिम्मेदारी भी हैं। मलक्का जलडमरूमध्य और हिंद महासागर के बीच स्थित यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार का प्रमुख मार्ग है। ऐसे में भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा और व्यापारिक समझौते पूरे क्षेत्र की स्थिरता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और आकाश एयर डिफेंस सिस्टम जैसे रक्षा सहयोग केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं हैं, बल्कि यह भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का भी प्रतीक हैं। इससे भारत की वैश्विक साख मजबूत होती है और रक्षा निर्यात के नए अवसर भी पैदा होते हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के साथ बढ़ती निकटता भारत की बदलती रणनीतिक सोच को दर्शाती है। ऑस्ट्रेलिया आज केवल एक मित्र देश नहीं, बल्कि ऊर्जा, शिक्षा, तकनीक और खनिज संसाधनों का महत्वपूर्ण साझेदार बन चुका है। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ रही दुनिया में लिथियम और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की मांग लगातार बढ़ रही है।

ऑस्ट्रेलिया इन संसाधनों से समृद्ध है और भारत को अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीति, बैटरी निर्माण तथा हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए इनकी आवश्यकता है। इसलिए दोनों देशों का सहयोग केवल वर्तमान की जरूरत नहीं, बल्कि भविष्य की आर्थिक सुरक्षा का भी आधार बन रहा है। भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण पक्ष शिक्षा और मानव संसाधन विकास भी बन चुका है। आज लाखों भारतीय छात्र विदेशों में उच्च



शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या ऑस्ट्रेलिया में अध्ययनरत है। यदि दोनों देशों के बीच वीजा प्रक्रिया सरल होती है, शोध सहयोग बढ़ता है और डिग्रियों की पारस्परिक मान्यता मजबूत होती है, तो इसका सीधा लाभ भारतीय युवाओं को मिलेगा। शिक्षा के साथ-साथ रोजगार, स्टार्टअप, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में भी नए अवसर खुलेंगे। इस प्रकार विदेश नीति अब केवल सरकारों के बीच संबंध नहीं रह गई है, बल्कि यह सीधे युवाओं के सपनों और परिवारों की आकांक्षाओं से जुड़ गई है। बदलते वैश्विक समीकरणों में व्यापार की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। दुनिया ने महामारी और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के दौरान देखा कि जब आपूर्ति शृंखलाएं बाधित होती हैं, तो पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। इसलिए आज हर देश विश्वसनीय साझेदारों की तलाश में है।

भारत अपनी विशाल बाजार क्षमता, कुशल मानव संसाधन, लोकतांत्रिक व्यवस्था और मजबूत विनिर्माण क्षमता के कारण वैश्विक कंपनियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें केवल घरेलू योजनाएं नहीं हैं, बल्कि इन्हें वैश्विक निवेश और निर्यात वृद्धि से भी जोड़ा गया है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सक्रियता ने भी विश्व राजनीति को नई दिशा दी है। अनेक देश संतुलित शक्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत के साथ अपने संबंध मजबूत कर रहे हैं। भारत ने भी किसी टकराव की नीति अपनाने के बजाय सहयोग, संवाद और साझेदारी को प्राथमिकता दी है। यही संतुलित दृष्टिकोण भारत को विश्व मंच पर एक जिम्मेदार और भरोसेमंद राष्ट्र के रूप में स्थापित करता है। क्वाड जैसे मंचों में सक्रिय भागीदारी, समुद्री सुरक्षा पर सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रयास इसी सोच का परिणाम हैं। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि वैश्विक साझेदारियों के माध्यम से शिक्षा, तकनीक, निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, तो इसका सबसे अधिक लाभ भारतीय युवाओं को मिलेगा। आज दुनिया कुशल मानव संसाधनों की तलाश में है और भारत के पास प्रतिभा का विशाल भंडार है। आवश्यकता केवल इस प्रतिभा को सही अवसरों से जोड़ने की है। विदेश नीति का यही नया स्वरूप भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को वैश्विक मंच प्रदान कर रहा है। आज की दुनिया में किसी भी देश की शक्ति केवल उसकी सैन्य क्षमता से नहीं मापी जाती, बल्कि उसकी आर्थिक मजबूती, तकनीकी प्रगति, नवाचार, कूटनीतिक प्रभाव और वैश्विक विश्वसनीयता से भी तय होती है। भारत इन सभी क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि विकसित देशों से लेकर विकासशील राष्ट्रों तक, सभी भारत के साथ दीर्घकालिक साझेदारी बनाने में रुचि दिखा रहे हैं।

यह परिवर्तन अचानक नहीं आया है, बल्कि वर्षों की संतुलित नीति, निरंतर संवाद और राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का परिणाम है। बदलते वैश्विक समीकरण भारत के लिए केवल चुनौतियां लेकर नहीं आए हैं, बल्कि उन्होंने नई संभावनाओं के द्वार भी खोले हैं। इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ मजबूत होते संबंध इस बात के संकेत हैं कि भारत अब विश्व व्यवस्था में एक प्रभावशाली, विश्वसनीय और दूरदर्शी शक्ति के रूप में उभर रहा है। यदि यही गति, संतुलन और दूरदृष्टि बनी रही, तो आने वाले वर्षों में भारत न केवल अपनी आर्थिक और रणनीतिक स्थिति को और मजबूत करेगा, बल्कि करोड़ों भारतीयों, विशेषकर युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को भी नई उड़ान देगा। यही बदलते वैश्विक दौर में भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि और सबसे बड़ी आशा है।

## अभाविप स्थापना दिवस

चेतस सुखाड़िया



# शिक्षा, समाज और राष्ट्र के बीच सशक्त संवाद है छात्र संगठन

भारत के राष्ट्रीय जीवन में विद्यार्थियों की भूमिका केवल शिक्षा प्राप्त करने तक सीमित नहीं रही है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर सामाजिक जागरण, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और राष्ट्रनिर्माण तक छात्रशक्ति ने समय-समय पर अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई है। इसी छात्रशक्ति को संगठित, संस्कारित और राष्ट्रोन्मुख बनाने के उद्देश्य से 9 जुलाई 1949 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की स्थापना हुई। आज 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर यह केवल एक संगठन की वर्षगांठ नहीं, बल्कि सात दशकों से अधिक समय से चल रहे एक ऐसे छात्र आंदोलन का उत्सव है, जिसने शिक्षा, समाज और राष्ट्र के बीच सशक्त संवाद स्थापित करने का प्रयास किया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत के समक्ष केवल राजनीतिक स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने की चुनौती नहीं थी, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र, शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक चेतना के पुनर्निर्माण का दायित्व भी था। ऐसे समय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का ध्येय सामने रखते हुए यह विचार प्रस्तुत किया कि विद्यार्थी केवल भविष्य का नागरिक नहीं, बल्कि आज का सक्रिय नागरिक है। यही विचार आगे चलकर परिषद की कार्यशैली का आधार बना। ज्ञान, शील और एकता का मूल मंत्र परिषद के व्यक्तित्व निर्माण के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है-ज्ञान से बौद्धिक विकास, शील से चरित्र निर्माण और एकता से राष्ट्र के प्रति समर्पण।

पिछले 78 वर्षों में परिषद ने छात्रहित के अनेक मुद्दों पर निरंतर कार्य किया है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, समयबद्ध परिणाम, छात्रवृत्ति, छात्रावास, पुस्तकालयों का सुदृढ़ीकरण, शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहन, रोजगारोन्मुख शिक्षा तथा परिसरों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने जैसे विषय परिषद के प्रमुख अभियान रहे हैं। देश के अनेक विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की समस्याओं को लोकतांत्रिक माध्यमों से उठाने और उनके समाधान के लिए संवाद स्थापित करने में परिषद की सक्रिय भूमिका रही है। अभाविप की पहचान केवल आंदोलनों से नहीं, बल्कि रचनात्मक कार्यों से भी जुड़ी है। संगठन ने समय-समय पर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सेवा कार्यों के माध्यम से सिद्ध किया है। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं पुनर्वास, रक्तदान अभियान, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान, सामाजिक समरसता, ग्राम विकास, जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा तथा राष्ट्रीय एकता के कार्यक्रम परिषद की व्यापक सामाजिक दृष्टि को प्रतिबिंबित करते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी परिषद के कार्यकर्ताओं ने देशभर में राहत कार्यों में उल्लेखनीय भागीदारी निभाई।

अभाविप की कार्यपद्धति का एक विशिष्ट पक्ष उसके विविध आयाम हैं, जिनके माध्यम से संगठन विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का प्रयास करता है। स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, जैव विविधता, सतत विकास और जनजागरूकता के माध्यम से युवाओं को प्रकृति के प्रति उत्तरदायी बनाता है। वहीं स्टूडेंट्स फॉर सेवा (एसएफएस) समाज के वंचित वर्गों तक शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और सेवा गतिविधियों को पहुँचाकर छात्रशक्ति को सामाजिक दायित्वों से जोड़ने का कार्य करता है। इसी प्रकार खेलो भारत अभियान के माध्यम से परिषद महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करते हुए स्वस्थ, अनुशासित और ऊर्जावान युवा पीढ़ी के निर्माण का प्रयास कर रही है। वहीं राष्ट्रीय कला मंच भारतीय कला, संस्कृति, साहित्य, लोक परंपराओं और सृजनात्मक अभिव्यक्तियों को मंच प्रदान कर विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय गौरव का भाव विकसित करता है।

आज भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देशों में अग्रणी है। यदि इस युवा शक्ति को सही दिशा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, नवाचार और राष्ट्रीय दृष्टि प्राप्त हो, तो भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को अपेक्षाकृत कम समय में प्राप्त कर सकता है।

## विपक्ष की नजर में राम काल्पनिक तो चंदा चोरी पर इतना दर्द क्यों हो रहा?

# चोरी का पैसा जनता के बीच गया या दल के चुनाव लड़ने में?



लक्ष्मण सिंह
पूर्व सांसद

धर्म तो आप सब समझते हैं अर्थ का तात्पर्य यहां तर्क से नहीं है दान से है। इसलिए, चाणक्य ने जो अर्थशास्त्र लिखा है वो भी धर्म से अथवा शासक से जुड़े अर्थ अथवा धन से ही है। राम मंदिर में चंदा चोरी की चर्चा पिछले कुछ दिनों से चल रही है। इसे लेकर राजनीतिक दल भी बहुत आक्रामक हैं, जबकि वो तो यह भी कह चुके थे कि राम काल्पनिक हैं। जब राम आपकी नजर में काल्पनिक हैं तो चंदा चोरी पर इतना दर्द क्यों हो रहा है? चाणक्य ने अर्थशास्त्र में लिखा है कि राजा के कोष से अगर थोड़ा धन जनता के बीच चला भी जाए, चाहे चोरी से भी गया हो, तो वो पाप नहीं है क्योंकि



यह धन जनता के बीच ही खर्च होगा। प्रश्न यह उत्पन्न हो होता है कि यह धन जनता के बीच, बाजार में गया है या राजनीतिक दलों के चुनाव लड़ने में खर्च हो रहा है? भ्रष्ट गठबंधन में गया है तो यह महापाप है। विपक्ष को भी यह प्रश्न उठाना चाहिए। राम मंदिर ट्रस्ट वालों को भी चाहिए कि जो राशि कम हुई है उसे पूरा करके जमा करें, संभवतः यह भी चंदे से ही होगी। चंदा नगद लेने के बजाए ऑनलाइन लिया जाए। जब शासन ने सफलता से ऑनलाइन पेमेंट पूरे देश में लागू किया है और काले धन पर रोक लगाई है तो अयोध्या में क्यों लागू नहीं हुआ? अभी केवल राममंदिर ट्रस्ट घोटाले की ही चर्चा हो रही है। पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि चुनावों में कुछ राजनीतिक दल करोड़ों रुपए खर्च करते हैं जो मुख्यतः शराब ठेकेदारों की जेब में जाता है या सोना चांदी के व्यापारियों की जेब में जाता है। इस विषय को भी जांच के दायरे में शामिल करना चाहिए। अगर चोरी हुआ ये धन इस दिशा में जा रहा है तो विपक्ष इसे राजनीतिक मुद्दा बनाए। इससे संविधान को और देश की अर्थव्यवस्था को सबसे ज्यादा खतरा है। ट्रस्ट के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हो चुकी है परंतु ऐसा प्रतीत होता है और जनता भी कह रही है कि बड़े नाम सामने नहीं आ रहे हैं। इस विषय को भी बहुत अधिक प्रचारित नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से हिंदू और सनातन धर्म का अपमान भी होता है। विपक्ष को चाहिए कि वो उन प्रदेशों में जहां भाजपा की सरकार हैं, उनमें हो रहे भ्रष्टाचार पर ही नजर रखे और उन्हें ही उठाते रहें। तो ही उनका भला होगा।

## सटाका




## आज की पाती

### बरसा आसमान का कहर


लंबे इंतजार के बाद जब मानसून ने पूरे देश मे दस्तक दी तो लोगों के चेहरों पर खुशी थी। भीषण गर्मी और पानी के संकट से जूझ रहे करोड़ो लोगों को उम्मीद थी कि बारिश राहत लेकर आएगी, खेतों मे हरियाली लौटेगी और जलस्रोत भर जाएंगे। लेकिन इस बार मानसून ने राहत से ज्यादा आफत का रूप दिखाया। देश के अनेक राज्यों में मूसलाधार बारिश ने बाढ़, जलभराव, भूस्खलन और हादसों का ऐसा सिलसिला शुरू कर दिया कि जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानो पर जाना पड़ा, सैकड़ो गांवों का संपर्क टूट गया, सड़के नदियो मे बदल गई और करोड़ो रुपए की संपति पलभर मे तबाह हो गई।

– सीमा, जींद

## करंट अफेयर

### पैट्रियट मिसाइल विदेश में बनाने का लाइसेंस देंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि रूस के मिसाइल हमलों का मुकाबला करने मे यूक्रेन की मदद के लिए पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियों के विदेशों मे निर्माण के लिए अमेरिका लाइसेंस देगा। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इस दौरान इस अत्याधुनिक तकनीक की भारी जरूरत महसूस कर रहे यूक्रेन के लिए इसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। ट्रंप ने यह घोषणा तुर्किये में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक के दौरान की।



## ऑफ बीट

### मधुमक्खियों के चेहरे खोल सकते हैं उनके मन के राज

इंसान अक्सर सामने वाले के चेहरे के भाव देखकर समझ लेते हैं कि वह खुश है, परेशान है या किसी चीज को पसंद नहीं कर रहा है। स्वादिष्ट भोजन मिलने पर मुस्कान आ जाती है, पसंद न आने वाली चीज पर चेहरा सिकुड़ जाता है। लेकिन क्या ऐसा ही कुछ छोटे-से शरीर वाली मधुमक्खियों के साथ भी होता है? हम अपने आसपास के जानवरों को देखकर अक्सर समझ लेते हैं कि वे खुश हैं, डर रहे हैं या उन्हें दर्द हो रहा है। मधुमक्खियों का चेहरा इंसानों की तरह भाव दिखाने वाला नहीं होता। उनका बाहरी शरीर कठोर खोल से ढका होता है, इसलिए पहली नजर में लगता है कि उनके चेहरे पर कोई बदलाव संभव नहीं होगा।



## X ट्रेंड f

### प्रम्बानन में दिव्य चेतना



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) अब इंडोनेशिया के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल "प्रम्बानन मंदिर" के संरक्षण में अपनी विशेषज्ञता साझा करेगा। प्रम्बानन मंदिर मे गूंजता "ॐ नमः शिवाय" सनातन की शाश्वत चेतना का दिव्य स्पंदन है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### ट्रस्ट के प्रबंधकों की जांच हो



उत्तर प्रदेश में अयोध्या के श्रीराम मंदिर के बाद, अब उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में दान चोरी और गबन का मामला भी काफी चर्चा में है। इन दोनो मशहूर धार्मिक स्थलों के ट्रस्ट से जुड़े मुख्य प्रबंधकों की भी ठीक से जांच होनी चाहिए।
-मायावती, पूर्व सीएम, उत्तर प्रदेश

### भूस्खलन से बेहद दुखी



वायनाड में हुआ भूस्खलन बेहद दुखद है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। इस दुखद आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएं हैं।
-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

### फुटबॉल वर्ल्ड कप



फुटबॉल वर्ल्ड कप यह साबित करता है कि बड़े-बड़े पुरुषों को भी खुलकर रोने की इजाजत है ताकि दुनिया देख सके... और हम भी उनके साथ रोते हैं... यहां तक कि सबसे मजबूत लोग भी। खासकर वे जो सबसे ज्यादा मजबूत होते हैं।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

## संक्षेप

### 5 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाएं चिन्हित

#### विशेष देखभाल और उपचार की व्यवस्था की गई

अमेठी, संग्रामपुर में गुरुवार को आयोजित प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था दिवस कैंप में पांच गर्भवती महिलाओं को उच्च जोखिम श्रेणी में चिन्हित किया गयायह कैंप महिला डॉक्टर रुखसार की देखरेख में लगाया गया था। इसमें कुल 111 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान रक्तचाप (बीपी), एनीमिया और मधुमेह जैसी बीमारियों की जांच के लिए हीमोग्लोबिन और शुगर टेस्ट किए गए।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर के प्रभारी डॉक्टर संतोष सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के बाद चिन्हित की गई पांच उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल के लिए परामर्श दिया गया और उन्हें स्वास्थ्यवर्धक दवाएं भी प्रदान की गईं। डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि इन्हीं 111 गर्भवती महिलाओं में से 16 को अल्ट्रासाउंड जांच के लिए चिन्हित किया गया है। गौरतलब है कि गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक महीने की 9 और 24 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान के तहत एचआरपी दिवस मनाया जाता है।

### झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

#### तापमान 14 डिग्री गिरा, सरकारी दफ्तरों-सड़कों पर भरा पानी

अमेठी ,गुरुवार सुबह से हो रही झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी है। लगातार हो रही बरसात के कारण तापमान में करीब 14 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, तेज बारिश के चलते सड़कों और कई सरकारी कार्यालयों में पानी भर गया।जिले में सुबह करीब 6 बजे से बारिश शुरू हुई, जो पिछले कई घंटों से जारी है। इस बारिश से मौसम सुहाना हो गया है और ठंडी हवाएं चल रही हैं, जिससे बाजारों और घरों में सुकून का माहौल है।हवा की रफ्तार धीमी होने की वजह से आने वाले कुछ घण्टो में जोरदार बारिश के आसार नजर आ रहे है। बारिश के कारण रजिस्ट्री ऑफिस, कोतवाली सहित कई सरकारी कार्यालयों में जलभराव हो गया है।

### गैस सिलेंडर के साथ पाइप खरीदने पर विवाद

अमेठी , रामलीला मैदान स्थित शशांक गैस सर्विस (इंडेन) के वितरण केंद्र पर एक उपभोक्ता और वितरण कर्मियों के बीच विवाद हो गया। यह विवाद गैस सिलेंडर के साथ 200 का पाइप खरीदने के लिए दबाव बनाने को लेकर हुआ। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच बहस होती दिख रही है। उपभोक्ता ने आरोप लगाया कि पर्ची कटवाने, डीएसी उपलब्ध कराने और ऑनलाइन डिलीवरी दर्ज होने के बाद उससे 1200 मांगे गए। पर बताया गया कि पांच वर्ष पूरे होने के कारण ?200 का पाइप लेना अनिवार्य है। उपभोक्ता ने इसका विरोध करते हुए कहा कि उसने हाल ही में नया पाइप और रेगुलेटर बदलवाया है, साथ ही एजेंसी का कोई कर्मचारी वर्षों से सुरक्षा जांच के लिए उसके घर नहीं पहुंचा।

# कैसरगंज थाना समाधान दिवस में शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर

## पांच में दो मामलों का मौके पर हुआ समाधान

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार थाना कैसरगंज में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस तहसीलदार मीना गौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों ने संबंधित विभागों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए।

थाना समाधान दिवस में कुल पांच शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की गई। शेष तीन प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए राजस्व विभाग की टीम गठित कर मौके पर जांच के निर्देश दिए गए। इन मामलों में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम की ड्यूटी लगाई गई है, जो स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए विवादों का समयबद्ध निस्तारण करेगी।

तहसीलदार मीना गौड़ ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन की शिकायतों का समाधान पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्ध तरीके से किया जाए। किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण मौके की वास्तविक स्थिति के आधार पर कराया जाए।

इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पांडे, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, पुलिस बल तथा संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भूमि एवं राजस्व संबंधी विवादों में संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच करेगी और रिपोर्ट के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मरौचा के पास हादसा, दूध से भरा टैंकर गड्ढे में पलटा, चालक की मौके पर मौत

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के मरौचा गांव के पास लखनऊ-बहराइच राजमार्ग पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दूध टैंकर के चालक की जान चली गई। तेज रफ्तार टैंकर अचानक असंतुलित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टैंकर का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसी में फंस गया।हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही फखरपुर पुलिस, स्थानीय प्रशासन और राहत टीम मौके पर पहुंची। काफी देर तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद क्षतिग्रस्त केबिन को काटकर चालक को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस की जांच में मृतक की पहचान आगरा निवासी संजय के रूप में हुई। बताया गया कि चालक के हाथ पर गुदे नाम के आधार पर पहचान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा परिजनों को सूचना दे दी गई है।हादसे के कारण कुछ समय तक राजमार्ग पर यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से टैंकर को हटवाकर आवागमन सामान्य कराया। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण वाहन का अनियंत्रित होना माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# हज-2027: 20 जुलाई तक हर हाल में भर दें आवेदन, हुज्जाज किराम से अपील

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। हज-2027 की मुकद्दस सफर पर जाने की ख्वाहिश रखने वाले हुज्जाज-ए-किराम से अपील की गई है कि वे 20 जुलाई तक अपना हज आवेदन हर हाल में पूर्ण कर लें, ताकि आगे की तमाम प्रक्रियाएं निर्धारित समय के भीतर पूरी की जा सकें। हज प्रोग्राम ऑर्गनाइजर हाजी शब्बीर अली कादरी ने बताया कि आवेदन करते समय अभ्यर्थी अपने वैध पासपोर्ट, बैंक पासबुक, हालिया पासपोर्ट साइज फोटो तथा ब्लड ग्रुप रिपोर्ट साथ लेकर आएं, जिससे आवेदन प्रक्रिया बिना किसी परेशानी के पूरी हो सके। उन्होंने बताया कि मदरसा अल-जामेतुन्नूरिया आइनी, कैसरगंज में पिछले लगभग 20 वर्षों से हज आवेदन भरने की निःशुल्क सेवा लगातार उपलब्ध कराई जा रही है। यहां आने वाले हुज्जाज को आवेदन भरने से लेकर आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी और अन्य औपचारिकताओं में भी मार्गदर्शन दिया जाता है। हाजी शब्बीर अली कादरी ने कहा कि जो भी लोग हज-2027 के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें, बल्कि समय रहते अपना आवेदन पूरा कर लें, ताकि किसी प्रकार की तकनीकी या दस्तावेजी समस्या से बचा जा सके। उन्होंने यह भी अपील की कि हज से संबंधित किसी भी जानकारी, आवेदन प्रक्रिया या दस्तावेजों के संबंध में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक हुज्जाज बेझिझक हाजी शब्बीर अली कादरी से राब्ता कर सकते हैं।

# कुत्ते को बचाने के प्रयास में बायो मेडिकल वेस्ट वाहन खाई में पलटा, तीन लोग बाल-बाल बचे

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। कैसरगंज से बहराइच की ओर जा रहा बायो मेडिकल वेस्ट वाहन शुक्रवार को कुंडासर चौराहे के निकट एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। सड़क पर अचानक आए कुत्ते को बचाने के प्रयास में चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके चलते वाहन सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन सामान्य गति से बहराइच की ओर जा रहा था। इसी दौरान कुंडासर चौराहे के पास अचानक एक कुत्ता वाहन के सामने आ गया। उसे बचाने के लिए चालक ने तत्काल वाहन मोड़ने का प्रयास किया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और खाई में पलट गया। हादसे के समय वाहन में चालक समेत तीन लोग सवार थे। वाहन के पलटते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से वाहन में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और तीनों लोग मामूली चोटों के साथ सुरक्षित बच गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। बाद में क्रेन बुलाकर काफी मशक्कत के बाद खाई में पलटे वाहन को बाहर निकाला गया। हादसे के कारण कुछ समय तक मार्ग पर आवागमन भी प्रभावित रहा। ग्रामीणों का कहना है कि चालक की सूझबूझ और स्थानीय लोगों की तत्परता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया।इस घटना के बाद क्षेत्र में सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं को लेकर भी चर्चा रही। लोगों का कहना है कि मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं और कुत्तों के अचानक आ जाने से आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

# थाना रुपईडीहा में समाधान दिवस आयोजित

#### भूमि विवाद से जुड़े छह प्रार्थना पत्र हुए प्राप्त

#### जांच कर कार्यवाही के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं और उनके निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि समाधान दिवस में कुल छह प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सभी शिकायतें भूमि विवाद से संबंधित थीं। शिकायतकताओं में नसरुल्ला पुत्र मोहम्मद शफी, ननकाई पत्नी शब्बीर अली, शकील खान पुत्र समीम खान, गुलजार पुत्र गुलाम खान, संतोष कुमार पुत्र कीर्तन तथा गीता देवी पत्नी लल्लू शामिल हैं समाधान दिवस के उपरांत राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को सभी मामलों की मौके पर जांच कर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत एक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के रोडवेज वर्कशाप के आगे शुक्रवार लगभग रात 2.30 बजे लखनऊ कानपुर हाईवे पर पहले से क्षतिग्रस्त डिपो रोडवेज वाराणसी गोलगड्डा बस हाईवे के किनारे खडी कर रोडवेज का परिचालक सवारियों को दूसरी बस में बैठने के लिए हाईवे किनारे खड़ा था। उसी दौरान लखनऊ की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने खड़ी रोडवेज में पीछे से टक्कर मार दी। डंपर की टक्कर लगने से बस आगे बड़ गईं और आगे खड़े रोडवेज के परिचालक व सवारियां उसकी चपेट में आ गईं। गंभीर रूप से घायल सवारी पहचान राजेंद्र (40) पुत्र स्वामी प्रसाद, निवासी मदनपुर, थाना कप्तानगंज, जनपद बस्ती रामनरेश (40) पुत्र रामदास, निवासी तुलसी तारा, थाना पूरा कलंदर, जनपद अयोध्या व तीसरी मृतक शरद गुप्ता (40) पुत्र स्व. जितेंद्र निवासी मीरपुर कैंट थाना कैंट कानपुर नगर को डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। जब कि परिचालक इंद्रपाल सिंह (48) पुत्र प्रभाकर सिंह निवासी महुआ,थाना जहानगंज, जनपद आजमगढ़ को जिला अस्पताल से लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया गया कि मृतक रामनरेश अपनी पत्नी नीलम और एक बच्चे के साथ कानपुर जा रहे थे। उन्हें अपने ससुर के निधन की सूचना मिली थी और वे अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने यातायात को सुचारु कराया और दुर्घटनाग्रस्त बस व डम्पर को सड़क से हटवाया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह भी पता लगा रही है। घटना कैसे हुई है।

# रोडवेज बस में चली गोली-सिक्योरिटी गार्ड की मौत

## पुलिसकर्मी-यात्री गंभीर घायल, बंदूक से अचानक हुआ फायर

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ ,दोपहर करीब 2 बजे एटा-मैनपुरी से दिल्ली-गाजियाबाद जा रही यूपी रोडवेज बस में सफर कर रहे कासगंज निवासी सिक्योरिटी गार्ड विनोद यादव की बंदूक में धक्का लगने से गोली चल गई। इससे गोली विनोद यादव के ही सीने में घुस गई। इस दौरान यात्रियों में चीखपुकार मच गई। चालक के पैराई पुलिस चौकी पर बस को रोक दिया। जानकारी पर बस में चढ़े हेडकांस्टेबल ने बंदूक को अलग करने की कोशिश की। इसी दौरान दोबारा से गोली चल गई, जिससे हेड कांस्टेबल रवेंद्र सिंह और एटा निवासी यात्री बृजेश भी घायल हो गए। मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मी घायलों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने सिक्योरिटी गार्ड को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों का इलाज जारी है।

### फर्श पर टिकी बंदूक से अचानक चली गोली

कासगंज के सिढ़पुरा डामरी निवासी विनोद यादव पुत्र श्यौदान सिंह गाजियाबाद में एक निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। वे अपने गांव से 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक लेकर गाजियाबाद जाने के लिए रोडवेज बस में सवार हुए थे। रास्ते में गभाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत पैराई चौकी के पास बस के फर्श पर टिका कर रखी गई बंदूक में अचानक कोई धक्का लगा, जिससे फायर हो गया। गोली सीधे विनोद के सीने और कंधे के पास जा धंसी, जिससे वह लहूलुहान होकर सीट पर गिर पड़े। बस में गोली चलते ही यात्रियों में भगदड़ और चीख-पुकार मच गई।

### पुलिस ने बंदूक हटाने की कोशिश में दोबारा हुआ फायर

बस चालक ने गाड़ी को तुरंत पास की पैराई पुलिस चौकी पर रोक दिया। सूचना मिलते ही चौकी पर तैनात हेडकांस्टेबल रवेंद्र सिंह बस के भीतर दाखिल हुए। उनके लहूलुहान गार्ड के हाथ से बंदूक को अलग करने की कोशिश करने पर किसी खराबी के कारण एक बार फिर से फायर हो गया। इसमें हेड कांस्टेबल और एटा निवासी यात्री बृजेश घायल हो गए।

# महिला भाजपा नेता ने चौकी में युवक को जड़ा थप्पड़

## दरोगा देखते रहे, बोलीं- देखना कहां भिजवाती हूं, औकात भूल जाओगे

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर, महिला भाजपा नेता ने पुलिस चौकी के अंदर एक युवक को थप्पड़ जड़ दिया। उससे कहने लगीं- तुम देखते जाओ, तुमको मैं कहां भिजवाती हूं। ऐसा सबक सिखाऊंगी कि अपनी औकात भूल जाओगे। पूरी घटना दरोगा के सामने हुई। थप्पड़ मारने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने सुबह साढ़े 12 बजे भाजपा नेता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। मामला शाहगंज चौकी का सुबह 10:30 बजे का है। पल्टू का पुरवा (आदर्श नगर, घोसियाना) के रहने वाले अरुण कुमार कोरी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। अरुण ने बताया कि वह पिछले कई साल से मुरारी दास गली स्थित सहारा ट्रेडिंग कंपनी के मालिक हर्षित बरनवाल के यहां नौकरी कर रहे हैं। अरुण अपने ऑफिस के काम से शाहगंज चौराहे के पास पहुंचे। तभी बाइक सवार भाजपा महिला की जिला कोषाध्यक्ष पूजा कसौधन और उनका बेटा रौनक वहां पहुंचे। दोनों ने अरुण को देखते ही जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गालियां देनी शुरू कर दीं।

### कहने लगीं- हर्षित के यहां नौकरी करना छोड़ दो

अरुण का आरोप है कि मां-बेटे ने उन पर दबाव बनाते हुए कहा कि तुम्हारी जाति वालों का दिमाग खराब हो गया है। तुम्हें कितनी बार कहा है कि हर्षित बेनीवाल के यहां नौकरी करना छोड़ दो।

# जानलेवा हमले में 7 दोषी, कोर्ट ने सुनाई सजा

## सभी को 3-3 साल की कैद, 35 हजार रुपए का जुर्माना

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ ,अपर सत्र न्यायाधीश रघुवीर सिंह राठौड़ की अदालत ने जानलेवा हमले के एक मामले में सात आरोपियों को दोषी ठहराया है। अदालत ने प्रत्येक दोषी को तीन वर्ष के कारावास और 35-35 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के सराय राजीव गांव का है। यहां के निवासी असलम खान ने मुकदमा दर्ज कराया था। असलम खान ने बताया कि 5 फरवरी 2025 की रात वह अपने पड़ोसी से बात कर रहे थे उसी दौरान इरशाद उर्फ चांद बाबू धारदार हथियार और तमंचा लेकर मौके पर पहुंचा। उसके साथ दिलशाद उर्फ गुल्ली, लतीफ शाह उर्फ शाकिर, शाबिर शाह, नासिर शाह, जाबिर शाह और मोनू भी मौजूद थे।असलम खान के अनुसार, आरोपियों ने जमीन विवाद की पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने फायरिंग भी की। जब असलम के परिजन बीच-बचाव करने पहुंचे, तो आरोपियों ने हवाई फायरिंग करते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।मामले की सुनवाई के दौरान, अभियोजन पक्ष ने 12 गवाहों के बयान दर्ज कराए। राज्य की ओर से एडीजीसी अरुण सिंह ने प्रभावी पैरवी की।साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर अदालत ने सभी सात आरोपियों को दोषी पाया।

# खड़ी पिकअप में घुसी वैगनआर, भाई-बहन की मौत

## बड़े भाई की ससुराल से लौट रहे थे; मंगेतर घायल, 4 महीने बाद होनी थी शादी

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ ,रात करीब 12:20 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में सगे भाई-बहन की मौत हो गई, जबकि युवती का मंगेतर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा तब हुआ, जब तेज रफ्तार वैगनआर सड़क किनारे खड़ी प्लाईवुड लदी पिकअप में पीछे से जा घुटक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप डिवाइडर पर चढ़कर वैगनआर के ऊपर पलट गई। इससे कार में सवार तीनों लोग अंदर ही फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड ने करीब डेढ़ घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। जेसीबी से पिकअप हटाने के बाद कटर मशीन से कार काटकर तीनों को बाहर निकाला गया। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने भाई-बहन को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल युवक का इलाज जारी है। हादसा जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर रानीगंज थाना क्षेत्र के ट्रामा सेंटर के पास हुआ। भाई-बहन अपने बड़े भाई की ससुराल से गोंडा से जौनपुर लौट रहे थे। युवती की नवंबर में शादी होने वाली थी। जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर निवासी मनीष सोनी अपनी पत्नी दीपा और बच्चों के साथ कार से गोंडा जिले के मनकापुर स्थित ससुराल गए थे। उनके पीछे दूसरी वैगनआर में मनीष का छोटा भाई मोहित सोनी, उसकी मंगेतर रोली सोनी (26) और रोली का भाई आकाश सोनी उर्फ मोनू (23) सवार थे। परिवार मंगलवार सुबह करीब 11 बजे दो कारों से गोंडा गया था। रात करीब 10 बजे सभी लोग जौनपुर लौट रहे थे। मनीष की कार आगे चल रही थी, जबकि मोहित की कार पीछे थी। रात करीब 12:20 बजे रानीगंज तहसील बाजार स्थित ट्रामा सेंटर के पास सड़क किनारे प्लाईवुड से लदी एक पिकअप खड़ी थी।

## संक्षेप

### बारिश से किसान का मकान ढहा

**मलबे में दबा अनाज और सामान, 15 लाख का नुकसान; पीड़ित ने की मुआवजे की मांग**

बागपत ,लगातार हो रही बारिश के बीच काठा गांव में एक किसान का पुराना मकान भरभराकर गिर गया। हादसे में लाखों रुपये का अनाज, पशु चारा और कृषि सामग्री मलबे में दबकर नष्ट हो गई। पीड़ित किसान ने करीब 15 लाख रुपये के नुकसान का दावा करते हुए प्रशासन से मुआवजे की मांग की है ।घटना बागपत के काठा गांव की है। पीड़ित किसान चस्म पल सिंह पुत्र रामकिशन ने बताया कि घटना के समय वह मकान के बरामदे में सो रहे थे। अचानक तेज आवाज के साथ मकान के पांच कमरे भरभराकर गिर गए। आवाज सुनकर वह तुरंत बाहर निकल आए, जिससे उनकी जान बच गई। हादसे के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। किसान ने बताया कि मकान काफी पुराना था। मकान के पीछे सरकारी जमीन पर लंबे समय से पानी भरा हुआ था। लगातार बारिश के कारण नींव में पानी का रिसाव होता रहा, जिससे मकान कमजोर हो गया और आखिरकार ढह गया। पीड़ित के भाई रणपाल सिंह ने बताया कि मलबे में गेहूं सहित अन्य अनाज, पशुओं का चारा, खेत में उपयोग होने वाली खाद और लाखों रुपये का घरेलू व कृषि संबंधी सामान दबकर खराब हो गया है। परिवार ने करीब 15 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवार की मदद की। ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि बागपत जिले में पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। लगातार बारिश से कच्चे और पुराने मकानों पर खतरा बढ़ गया है, जबकि जलभराव के चलते जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है।

### गोसपुर गांव में जलभराव की गंभीर समस्या

**ग्रामीणों ने सीडीओ से की शिकायत, समाधान की मांग**

बागपत , जनपद की ग्राम पंचायत गोसपुर में जल निकासी की गंभीर समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) से शिकायत कर तत्काल समाधान की मांग की है। उनका आरोप है कि लंबे समय से जल निकासी व्यवस्था बाधित है, जिससे गंदा पानी सड़कों और गलियों में जमा हो रहा है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि गांव में पानी की निकासी के लिए बनी नालियां और रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं। बरसात के मौसम में यह स्थिति और गंभीर हो जाती है, जिससे जगह-जगह जलभराव हो जाता है। इसके कारण लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी के जमाव से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। जलभराव के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष परेशानी हो रही है। कई घरों के आसपास तक पानी पहुंच गया है, जिससे ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने इस समस्या की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत को दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत पत्र में ग्रामीणों रियासत, विकास शर्मा, शिव शर्मा और जुल्फिकार ने मुख्य विकास अधिकारी से गांव में जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने और अवरुद्ध नालियों व निकासी मार्गों की सफाई कराने की मांग की है।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर उदयभान सिंह तथा उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी पीके सिंह ने जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली का औचक निरीक्षण किया अस्पताल पहुंचकर अधिकारियों ने आवश्यक अभिलेख ओपीडी समेत दवा भंडार गृह का बारीकी से निरीक्षण किया वहीं अस्पताल में निरीक्षण के दौरान लिपिक ऑपरेटर कंप्यूटर समेत लगभग 6 कर्मचारी अनुपस्थित रहे जहां जानकारी लेने पर उच्च अधिकारियों को अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि अनुपस्थिति कर्मचारियों का कार्य समय प्रातः 10 बजे से शाम 5तक का है जबकि उच्च अधिकारी 10 बजे के पहले ही अस्पताल पहुंच गए थे ठीक इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने क्षेत्र के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चांदपुर पहुंचकर टीकाकरण का निरीक्षण किया वहीं क्षेत्र की अन्य ग्राम पंचायत जैसे एत्मादपुर साल्हेपुर आदि में भी टीकाकण केंद्रों का निरीक्षण हुआ वह निरीक्षण के दौरान उच्च अधिकारियों ने मौजूदा नागरिकों से जानकारियां साझा करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए टीकाकरण को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर उच्च अधिकारी के साथ चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार डॉक्टर नवीन डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह महिला चिकित्सक डॉक्टर अर्चना सिंह डॉक्टर रोहिणी अभय प्रताप सिंह विनीता शालिनी सुभाष सैनी विकास तथा कर्मचारी जागेश्वर समेत अन्य सभी स्वास्थ्य कर्मी आंगनवाड़ी आशा कर्मी आदि मौजूद रहें

## भूमि पूजन कर राज्य मंत्री ने दिया क्षेत्र वासियों को नया जीवन

**5 किलोमीटर जर्जर सड़क से आहत हो चुके थे क्षेत्रवासी**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर , जनपद के किशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत किशुनपुर से पहाड़पुर के मध्य लगभग 5 किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण कार्य काफी अरसे के इंतजार के बाद प्रारंभ होगा कल प्रदेश की राज्य मंत्री कृष्णा पासवान ने पूजन करते हुए निर्माण कार्य का शुभारंभ किया क्षेत्र की इस जर्जर सड़क के कारण क्षेत्र के सैकड़ो गांव के ग्रामीण परेशान हो चुके थे खराब सड़क होने के कारण व्यापार शिक्षा समेत अनेक समस्याओं का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा था सड़क निर्माण की सूचना मिलते ही क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई वहीं भूमि पूजन कार्यक्रम में राज्य मंत्री कृष्णा पासवान के साथ भारी संख्या में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष प्रीती सिंह बृजेश सिंह जिला मंत्री विमलेश पाण्डेय समाजसेवी भाजपा के वरिष्ठ जन प्रतिनिधि अवधेश मिश्रा समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे

## अधिकारियों से रूबरू हुए क्षेत्रवासी समस्याओं का हुआ निवारण

**उच्च अधिकारियों की अगुवाई में थाना परिसर में संपन्न हुआ समाधान दिवस कार्यक्रम**




अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के गाजीपुर थाना प्रांगण अंतर्गत कल समाधान दिवस आयोजित किया गया कार्यक्रम में पहुंचे जाफरगंज क्षेत्राधिकारी अवनीश कुमार तथा उपजिलाधिकारी सदर अनामिका श्रीवास्तव ने अगुवाई करते हुए पहुंचे क्षेत्रीय पीड़ितों की समस्याओं को सुना परिसर अंतर्गत कल 9 शिकायती पत्र क्षेत्र वासियों द्वारा प्रस्तुत किए गए जहां सभी समस्याएं राजस्व विभाग से संबंधित मिली संबंधित राजस्व लेखपाल तथा उच्च अधिकारियों को मौजूदा अधिकारियों ने निर्देशित करते हुए जल्द से जल्द निस्तारण का दिशा निर्देश दिया इस मौके पर उच्च अधिकारियों के साथ थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक हरिनाथ सिंह जयप्रकाश पाण्डेय हेमंत महिला उपनिरीक्षक ज्योती कौशिक कानूनगो रामलाल समेत सभी विभागीय अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहें

## बवाल के बाद गांव में बाहरी लोगों की एंट्री बैन

**पुलिस तैनात, कांग्रेस ने पीड़ित परिवार से मिलने के लिए बनाई 30 लोगों की टीम**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,सिविल लाइन थानाक्षेत्र में जिस तरह दलित छात्रा ललिता गौतम की हत्याकांड मामले में प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस ने लाठी चलाई। उनको अरेस्ट कर जेल भेजा, मुकदमे लिखे इस पूरे मामले की जांच के लिए यूपी कांग्रेस ने एक 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी अपने स्तर पर पूरे मामले की जांच करा रही है। इसके लिए पार्टी ने यूपी के 30 नेताओं की का एक दल बनाया है। ये टीम मेरठ जाकर मृतका ललिता गौतम के परिवार से मुलाकात करेगी। पीड़ित परिवार से मिलकर पूरे मामले की जानकारी करेगा। इस टीम में मेरठ के जिलाध्यक्ष गौरव भार्टी, महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला सहित यूपी के अन्य जिलों के 30 कांग्रेस नेता शामिल हैं। जो पीड़िता के परिवार से मिलेंगे। इसमें महिलाएं और दलित नेता भी हैं। बता दें कि इस मामले में कांग्रेस नेता हेमंत पर भी नामजद मुकदमा लिखा गया है कलेक्ट्रेट गेट के बाहर हंगामा, प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस नेता हेमंत प्रधान भी थे। जिनकी वीडियो,फोटो भी पुलिस के पास है। इसके चलते उन पर भी नामजद मुकदमा लिखा गया है। इधर पुलिस ने बुधवार को हुए इस पूरे हंगामे, बवाल के बाद देर रात थिरोट गांव की सीमाओं को सील कर दिया गया है। ललिता गौतम की हत्या के बादपुलिस ने सबसे पहले थिरौट गांव की सीमाओं को बेरिकेडिंग करते हुए सील किया था। वहां मीडिया, नेताओं की एंट्री बंद कर दी थी। लेकिन ललिता की तेरहवीं के कुछ दिन बाद माहौल शांत होने पर बैरिकेडिंग और पुलिस को गांव के बाहर से हटा दिया गया था।

## 48 घंटे की बारिश में मेडिकल कॉलेज में जलभराव

**पानी से होकर गुजर रहे मरीज-तीमारदार, 16 नंबर ओपीडी बंद करनी पड़ी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , पिछले 48 घंटे से हो रही बारिश का सबसे ज्यादा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर दिख रहा है। लगातार हो रही बारिश के कारण शहरभर में जलभराव है। इसका असर अब लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज तक पहुंच गया है। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी परिसर में गंदा पानी भरने से मरीजों और तीमारदारों की परेशानी कई गुना बढ़ गई है। शाम होते ही मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने हालात संभालने के लिए पंप सेट लगाकर परिसर से पानी निकालने का काम शुरू कराया। हालांकि पूरे दिन जलभराव के कारण मरीजों को गंदे पानी के बीच होकर अस्पताल पहुंचना पड़ा।

### मरीजों को जलभराव से गुजरना पड़ रहा, 16 नंबर ओपीडी बंद

जलभराव के कारण मेडिकल कॉलेज की 16 नंबर ओपीडी बंद करनी पड़ी। हालात ऐसे हैं कि ओपीडी के बाहर और भीतर तक पानी भरा है। लाल बिल्डिंग से आने वाला बारिश का पानी भी इसी ओपीडी में जमा हो रहा है, जिससे इलाज के लिए आने वाले मरीजों को गंदे पानी के बीच होकर गुजरना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में रोजाना 3500 से ज्यादा मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में जलभराव के कारण हजारों मरीज और उनके तीमारदार प्रभावित हो रहे हैं। जहां लोग बीमारी का इलाज कराने पहुंच रहे हैं, वहीं उन्हें गंदे और दूषित पानी से होकर अस्पताल में आना पड़ रहा है। इससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है ।बारिश के बीच इलाज कराने पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि सरकारी अस्पतालों में शामिल मेडिकल कॉलेज की ऐसी व्यवस्था के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है, समय रहते जल निकासी की व्यवस्था क्यों नहीं की गई? अगर अस्पताल परिसर में ही गंदा पानी भरा रहेगा तो मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी कौन लेगा? मरीजों का इलाज करने वाले अस्पताल में ही संक्रमण का खतरा बढ़ना व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## मूसलाधार बारिश में भी नहीं टूटा महिलाओं का हौसला

**मेरठ में घर-व्यापार बचाने के लिए रेनकोट और छाते लेकर दिया धरना**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, घंटे पहले तीन दिन से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश ने मेरठ में जनजीवन प्रभावित कर दिया है, लेकिन शास्त्री नगर सेक्टर-2 की महिलाओं का हौसला नहीं डिगा। अपने आशियाने बचाने की मांग को लेकर तिरंगा रोड पर चल रहा महिलाओं का धरना भी बारिश के बीच जारी रहा। भीगते हुए महिलाओं ने हनुमान चालीसा और राम नाम का पाठ किया तथा अपने घरों की सुरक्षा के लिए भगवान से प्रार्थना की। महिलाओं का धरना अब ढाई महीने से अधिक समय से लगातार चल रहा है। लगातार हो रही बारिश के कारण धरनास्थल पर लगा कपड़े का अस्थायी पंडाल भी पानी रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। इसके बावजूद महिलाएं पूरे दिन वहीं डटी रहीं और अपना विरोध जारी रखा। धरने पर बैठी महिलाओं का कहना है कि मौसम की मार उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकती। उनका कहना है कि चाहे बारिश हो, आंधी आए या कोई अन्य कठिनाई, जब तक उनके मकानों पर मंडरा रहे संकट का स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बारिश के बीच महिलाओं का धरना स्थानीय लोगों के बीच भी चर्चा का विषय बना रहा। महिलाओं ने एक बार फिर प्रशासन से उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द समाधान निकालने की अपील की। उनका कहना है कि अपने घरों को बचाने की लड़ाई वे हर परिस्थिति में जारी रखेंगी। मामले में 14 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई प्रस्तावित है। सुनवाई की तारीख नजदीक आने के साथ ही प्रभावित लोगों की चिंता भी बढ़ती जा रही है।

## शहीद के शव से लिपटकर पत्नी रोई

**पिता का अंतिम संस्कार कर ड्यूटी जॉइन की थी, अगले दिन उग्रवादियों ने गोली मार दी**

अमन लेखनी समाचार



चंद्रमोहन, शहीद हवलदार

गाजियाबाद , मणिपुर में उग्रवादियों के हमले में शहीद हवलदार चंद्रमोहन सिंह रावत का दोपहर गाजियाबाद के हिंडन घाट पर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले जब तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर घर लाया गया तो पत्नी मंजू देवी शव से लिपटकर रो पड़ीं। तीन बच्चे भी बिलख पड़े। मौजूद लोगों ने उन्हें समझाकर ढांढ़स बधाया। सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें अंतिम सलामी दी। बारिश के बावजूद अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। चंद्रमोहन सिंह असम राइफल्स में हवलदार (जीडी) थे। वे मूल रूप से उत्तराखंड के पौड़ी जिले के डांडातोली क्षेत्र के कुकलियाल गांव के रहने वाले थे। 2008 से गाजियाबाद में रह रहे थे। चंद्रमोहन अपने पिता के श्राद्ध कर्म निपटाकर गाजियाबाद से तीन जुलाई को ड्यूटी पर वापस लौट गए थे। 5 जुलाई को ड्यूटी जॉइन की थी। अगले दिन उग्रवादियों के हमले में शहीद हुए थे। महज डेढ़ महीने के भीतर ही परिवार पर यह दूसरा पहाड़ टूट पड़ा। 5 जुलाई को मणिपुर में ड्यूटी जॉइन की थी असम राइफल के हवलदार चंद्रमोहन सिंह रावत गाजियाबाद में उत्तरांचल नगर स्थित नंद्रग्राम में रहते थे। पत्नी मंजू देवी गृहिणीं हैं। 24 साल का बड़ा बेटा राहुल नंदग्राम में स्टेशनरी की दुकान चलाता है। 19 साल की बेटी रितिका और 15 साल की यशिका पढ़ाई कर रही हैं। चंद्रमोहन के पिता गोविंद सिंह की 3 जून को मौत हो गई थी। पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वह छुट्टी लेकर उत्तराखंड स्थित गांव आए थे। अंतिम संस्कार पूरा होने के बाद तीन जुलाई को गाजियाबाद से ड्यूटी के लिए मणिपुर रवाना हुए थे। पांच जुलाई को यूनिट में कार्यभार संभाला था। सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर दी अंतिम सलामी अंतिम संस्कार में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, एसडीएम सदर अरुण दीक्षित, 56 फील्ड रेजिमेंट मेरठ के कर्नल नवीन शर्मा समेत कई प्रशासनिक और सैन्य अधिकारी मौजूद रहे

## एसएसपी ने प्रदर्शनकारियों को थप्पड़ मारे ,वैन में घुसकर पीटा

**वकील ने जान देने की कोशिश की, पुलिस ने लाठियां बरसाईं**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,16 मई को हुई छात्रा की हत्या को लेकर बड़ी संख्या में लोग कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करने पहुंचे। प्रदर्शनकारी डीएम को ज्ञापन सौंपना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने कलेक्ट्रेट का मेन गेट बंद कर दिया। करीब 3 घंटे तक लोग कलेक्ट्रेट के बाहर बैठकर प्रदर्शन करते रहे। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वो लोग नहीं हटे। सूचना पर एसएसपी अविनाश पांडेय भी पहुंचे। पहले उन्होंने प्रदर्शन कर रहे लोगों को थप्पड़ मारे। फिर पुलिस वैन में घुसकर लोगों को पीटा। इसके बाद शाम करीब 4:30 बजे पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। 50-60 लोगों को हिरासत में ले लिया। इस बीच, एक वकील ने पुलिस वैन में गमछे का फंदा बनाकर उससे लटकने की कोशिश की। पुलिस का कहना है प्रदर्शन के चलते जाम लग गया था। इससे लोगों को परेशानी हो रही थी। इसीलिए धरना समाप्त कराया गया। बीए में पढ़ने वाली ललिता गौतम की 16 मई को हत्या कर दी गई थी। छात्रा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर दलित महापंचायत थी। कांग्रेस नेता हेमंत प्रधान, दलित समाज और कई सामाजिक संगठनों के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शनकारियों को पहले से ज्ञापन देने की इजाजत थी। लेकिन, इसी बीच मेरठ के अलावा नोएडा, गाजियाबाद और आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। भीड़ बढ़ने पर पुलिस ने कलेक्ट्रेट का मुख्य गेट बंद कर दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी गेट के बाहर सड़क पर बैठ गए और धरना शुरू कर दिया। इससे सड़क जाम हो गई। सूचना पर एसपी देहात अभिजीत कुमार और एसपी ट्रैफिक राकेश कुमार मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से सड़क खाली करने और वहीं ज्ञापन देने को कहा। पुलिस का कहना था कि जाम से आम लोगों को परेशानी हो रही है। लेकिन, प्रदर्शनकारी अपनी मंगों पर अड़े रहे।

एसएसपी पहुंचे, फिर लाठीचार्ज हुआकरीब 3 घंटे बाद एसएसपी अविनाश पांडेय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए लाठीचार्ज कर दिया।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने 3 मजदूरों को कुचला, मौत

**ग्रेटर नोएडा में धान की रोपाई कर लौटने समय हादसा, बिहार के रहने वाले थे**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा ,तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे पैदल जा रहे 3 मजदूरों को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि तीनों युवक उछलकर सड़क किनारे दूर जा गिरे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को जेवर के कैलाश अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसा देर रात करीब 10:30 बजे जेवर कोतवाली क्षेत्र में जेवर-खुर्जा मार्ग पर नीमका गांव के सामने हुआ। मृतकों की पहचान बिहार के अररिया निवासी करन (22), विश्वजीत (24) और मिथुन (25) के रूप में हुई है। तीनों धान की रोपाई का काम करने के लिए ग्रेटर नोएडा आए थे। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश के लिए टीम गठित कर दी है ।पुलिस के मुताबिक, करन, विश्वजीत और मिथुन बिहार के अररिया जिले के रहने वाले थे। तीनों मजदूरी करने के लिए ग्रेटर नोएडा आए थे। देर रात तीनों खेतों में धान की रोपाई का काम खत्म कर जेवर-खुर्जा मार्ग से पैदल नीमका गांव लौट रहे थे। इसी दौरान जेवर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने पीछे से तीनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क किनारे दूर जाकर खेत में गिर पड़े।

## बारिश से सड़कें-कॉलोनियों में भरा पानी

**मौसम विज्ञान विभाग का येलो अलर्ट, 40 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं; 28 जगहों पर पंप लगाए गए**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , शुरू हुई बारिश भी जारी रही। लगातार बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने दिनभर बारिश और 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है। अब तक जिले में करीब 153 मिमी बारिश दर्ज की गई है। वहीं तापमान में करीब 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में जलभराव और जाम की स्थिति बन गई। लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। हालात को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) और कॉल सेंटर को एक्टिव कर दिया है। शहर में जलभराव वाले 28 स्थानों पर पंप लगाकर पानी निकासी का काम शुरू कराया गया है।

### कई जगह सिग्नल बंद, सड़कों पर लगा जाम

लगातार बारिश के कारण नोएडा के कई इलाकों में सड़कें पानी में डूब गईं। इससे वाहन चालकों और दफ्तर जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में करीब 5 डिग्री की गिरावट आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश के कारण सेक्टर-25ए एडोब, मोदी मॉल, नोएडा स्टेडियम, सेक्टर-57 समेत कई स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल बंद हो गए। इससे सड़कों पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और मैनुअली ट्रैफिक संभालकर वाहनों की आवाजाही सामान्य कराई।

## स्कार्पियों लोडर की टक्कर , 2 की मौत-4 घायल

**बाइक भी चपेट में आई, पुलिस ने गाड़ी कब्जे में ली; ड्राइवर फरार**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , दोपहर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सब्जी से भरे लोडर में टक्कर मार दी। बाइस सवार भी इसकी चपेट में आ गया। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल है। जिनका जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने स्कार्पियों को कब्जे में लिया है। चालक मौके से फरार है। जल्द गिरपतारी की जाएगी ।पुलिस के मुताबिक, हादसे के समय लोडर पर कई लोग सवार थे। टक्कर लगते ही लोडर पर बैठे 16 साल के दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। दीपक बदायूं जिले के लोथर गांव का रहने वाला था। सूचना मिलते ही थाना फेस-2 पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान लोडर पर सवार राजवीर (50) को भी डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में लोडर चालक अशोक कुमार (56), आकाश (31), शंकर (24) और मोटरसाइकिल सवार अभिषेक राय (29) घायल हुए हैं। सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वन ट्रिलियन डॉलर सेल की बैठक सम्पन्न



**सकल जिला घरेलू उत्पाद में 12.10 प्रतिशत की वृद्धि, विकास सूचकांकों में सुधार पर जोर।**

**सभी विभागों को लक्ष्यपूर्ति एवं आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वन ट्रिलियन डॉलर (ओटीडी) सेल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024-25 में जनपद का सकल जिला घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 46,929 करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष 2023-24 की तुलना में 5,084 करोड़ रुपये अधिक है। इस प्रकार जनपद ने 12.10 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। जनपद की प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में 1.55 प्रतिशत की सहभागिता तथा प्रति व्यक्ति आय 1,69,563 रुपये दर्ज की गई, जो प्रदेश की औसत प्रति व्यक्ति आय से अधिक है। बैठक में जिलाधिकारी ने कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य एवं वन विभाग सहित प्राथमिक क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा करते हुए अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए। द्वितीयक क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों के पंजीकरण, विद्युत उपभोग एवं स्थानीय निकायों द्वारा भवन मानचित्र स्वीकृति की समीक्षा की गई।

# सीएम डैशबोर्ड के रैंकिंग में विकास कार्यों में सोनभद्र को मिला प्रदेश में दूसरा स्थान

**जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन से हासिल हुई उपलब्धि।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। प्रदेश की योगी सरकार द्वारा सुशासन और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की ओर से किए जा रहे प्रयासों का असर धरातल पर साफ दिखाई देने लगा है। प्रदेश स्तर पर जारी जून माह की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में विकास कार्यों के मामले में सोनभद्र को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के कुशल निर्देशन व प्रभावी नेतृत्व के चलते जनपद सोनभद्र ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने में सफलता पाई है। जिलाधिकारी ने बताया कि जून माह के जारी आंकड़ों के मुताबिक सोनभद्र ने विकास कार्यों में जनपद में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है उन्होंने बताया कि विकास कार्यों की गणना के लिए निर्धारित 63 सूचकांकों के सापेक्ष जनपद को 59 सूचकांकों में ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। सोनभद्र ने विकास कार्यों के मामले में 630 अंकों में 610 अंक प्राप्त कर उकृष्ट प्रदर्शन किया है। यह उपलब्धि सभी विभागों के बेहतर समन्वय, नियमित अनुश्रवण एवं जनहित के प्रति प्रतिबद्ध कार्यशैली का परिणाम है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता सभी के सामूहिक प्रयास, टीम भावना तथा शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप किए गए सतत कार्यों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के मानक के अनुरूप सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा, पारदर्शिता व जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करते रहें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप जनशिकायतों एवं विभिन्न विभागीय प्रकरणों का समयबद्ध, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों से जनपद भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में और बेहतर स्थान प्राप्त करेगा।

## ख़ास समाचार

### ओबीसी बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना में आवेदन 20 जुलाई तक

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के पात्र बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए वर्ष 2026-27 की निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि न्यूनतम इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थी, जिनके माता-पिता/अभिभावकों की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक न हो, वे 20 जुलाई 2026 तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की प्रति आवश्यक अभिलेखों सहित 25 जुलाई 2026 तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, कक्ष संख्या-37, विकास भवन लोढ़ी, सोनभद्र में जमा करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि जनपद में प्रशिक्षण हेतु तीन संस्थान चयनित किए गए हैं, जिनमें कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर साइंस, सुकृत; कॉमन सर्विस सेंटर, नई बाजार, सोनभद्र तथा अंसार इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, रामनगर उत्तरी, दुद्धी शामिल हैं। इच्छुक अभ्यर्थी योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन लोढ़ी, सोनभद्र अथवा मोबाइल नंबर 9369963358 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सर्पदंश से वृद्ध की हुई मौत, परिवार में छाया मातम

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पिपरिया टोले में एक 65 वर्षीय वृद्धा पियारी देवी पत्नी बृजनाथ बृहस्पतिवार शाम को खेत में धान की रोपाई करने के लिए गई थी आशंका जताया जा रहा है की धान की रोपाई करते समय किसी जहरीले सर्प ने काट लिया मौके पर प्यारी देवी को मालूम नहीं हो सका प्राप्त जानकारी के अनुसार पियारी देवी जब खेत से काम करके घर लौटी तो अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। और उसके बाद उनकी मृत्यु हो गई पुत्र लोरिक ने बताया कि मां का शरीर नीला पड़ने लगा था। परिजनों को आशंका है कि खेत में काम के दौरान उन्हें किसी जहरीले सांप ने काट लिया था। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि पियारी देवी गांव की बुजुर्ग महिला थीं और स्वभाव से बहुत ही मिलनसार थीं।

### मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत निःशुल्क नीट एवं जेईई कोचिंग हेतु भौतिक एवं रसायन विज्ञान के विषय विशेषज्ञों से आवेदन आमंत्रित

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत सामुदायिक भवन, टोल प्लाजा के पास, लोढ़ी (सोनभद्र) में निःशुल्क कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से प्रतिभावान, मेधावी एवं परिश्रमी छात्र-छात्राओं को नीट एवं जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क तैयारी कराई जा रही है। कोचिंग के प्रभावी संचालन के लिए भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान विषयों के शिक्षक/विषय विशेषज्ञों का इम्पैनलमेंट किया जाना है। नीट के लिए संबंधित विषय में एम.एससी. अथवा एमबीबीएस डिग्रीधारी तथा जेईई के लिए संबंधित विषय में एम.एससी. अथवा एम.टेक. डिग्रीधारी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी जिला समाज कल्याण कार्यालय से ऑफलाइन आवेदन पत्र प्राप्त कर उसे पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक अभिलेखों एवं स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, कक्ष संख्या-05, लोढ़ी, सोनभद्र में निर्धारित तिथि तक जमा करें। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है।

# किशोर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद के नगर पंचायत परतावल चौक के रासिन स्कूल में किशोर किशोरियों के लिए एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल के स्वास्थ्य टीम के द्वारा किया गया डॉ अनिल जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बच्चों को बरसात ऋतु में होने वाले बीमारियों के लक्षण प्रकार तथा उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी साझा किया जिसमें मच्छर जनित रोग जैसे डेंगू मलेरिया चिकनगुनिया तथा दूषित पानी पीने से टाइफाइड पीलिया डायरिया इत्यादि गंभीर बीमारी होते हैं इन सम्बंधित बीमारियों से बचने के उपाय पर विस्तृत चर्चा किये तथा किशोरियों में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारियों के बारे में समझाते हुए उन्होंने बताया कि यह बीमारी लृढश 16& 18 वायरस के संक्रमण से होता है इसके बहुत ही गंभीर परिणाम होते हैं उसके बचाव के लिए लृढश वैक्सीनेशन का कार्यक्रम सरकार द्वारा निशुल्क चलाए जा रहे हैं इसमें 12 से 18 साल की किशोरियों को यह टीका बिल्कुल मुफ्त लगाया जा रहा है जिसमें पहले चरण में 14 से 15 साल के किशोरियों को प्राथमिकता के तौर पर लगाया जा रहा है यह वैक्सीन सिंगल डोज है केवल एक बार लगेगा जिससे 90% से ज्यादा सुरक्षा होती है और सर्वाइकल कैंसर से बचा जा सकता है वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परतावल ब्लॉक के किशोर स्वास्थ्य काउंसलर अनिरुद्ध गुप्ता ने किशोर किशोरियों को बढ़ते हुए उम्र के साथ संतुलित पौष्टिक आहार लेने के बारे में बताया उन्होंने बताया कि इस उम्र में शरीर का विकास बहुत तेजी के साथ होता है

## आकाशवाणी से थाने तक बनी नाली पर ढक्कन लगवाने की मांग

अमन लेखनी समाचार

ओबरा( सोनभद्र )नगर पंचायत ओबरा ने आकाशवाणी से थाने तक नयी नाली का निर्माण तो करा दिया है लेकिन अभी तक उस पर ढक्कन नहीं लगाए गए हैं जिससे बच्चों और रह वासियों के गिरने की संभावना बनी रहती है।

### इस संदर्भ में सम्बंधित

ठेकेदार ने बताया कि उसका काम सिर्फ नाली बनाने तक था ढक्कन लगाने का काम दूसरे ठेकेदार का है, परंतु दूसरा ठेकेदार अभी तक ना कभी दिखाई दिया और न हीं यहाँ काम हो पाया ।जनवरों 26 से स्थिति यथावत है जो नगर पंचायत की गंभीर लापरवाही का द्योतक है। नागरिकों ने प्राथमिकता के आधार पर नाली पर ढक्कन लगाकर उसे पूरा कवर किये जाने की मांग की है जिससे भविष्य में किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

# सोनभद्र में पौधरोपण को जनभावनाओं से जोड़ने की अनूठी पहल

**महर्षि चरक औषधि, समरस और समृद्धि वन समेत बनेंगे कई नए वन।**

**स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन पर भी होगा विशेष पौधरोपण।**

**मिशन छाया के जरिए सड़क के दोनों किनारों पर लगाए जाएंगे छायादार पौधे।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट मे बैठक की गयी बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश के क्रम में प्रदेश में वृक्षा रोपण महायज्ञ 2026 अभियान के तहत प्रदेश में 35 करोड़ पौध रोपण का लक्ष्य 12 जुलाई को रखा गया है जिसके अन्तर्गत जनपद सोनभद्र में 1 करोड़ 67 लाख 91 हजार सौ पौध रोपण किया जायेगा जिसमें 28 विभागों की वृहद स्तर पर पौध रोपण कराने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है, पौध रोपण अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ जुगैल में आयोजित कार्यक्रम मे सम्मलित होगें व मण्डलायुक्त विन्ध्यांचल मंण्डल नोडल राजेश प्रकाश रेनूकूट पिपरी में आयोजित पौध रोपण कार्यक्रम में सम्मलित होगें। उन्होनें कहा कि सभी अधिकारी अपने लक्ष्य के अनुरूप पौध उठान की कार्यवाही समय से पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सरकार ने जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए पौधरोपण महाअभियान की की शुरूआत की गयी है। उन्होने कहा कि अभियान के तहत रोपे गए पौधों को शत-प्रतिशत सुरक्षित रखा जाए और आम-जन को पौधरोपण के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरुक भी किया जाए। इसी कड़ी में जनपद में पौधरोपण अभियान को तीज-त्यौहारों व संस्कृति से जोड़ते हुए विभिन्न प्रकार के वनों की स्थापना के साथ ही विशिष्ट प्रकार के आयोजन भी किए जाए। जिससे आमजन पौधरोपण के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए भी जागरुक हो सकें। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि पौधरोपण महाभियान-2026 के तहत जिले में हरियाली का दायरा बढ़ाने के लिए मानसून में 5 वनों व 1 वाटिका की स्थापना वन विभाग व कई अन्य विभागों द्वारा की जाएगी।

# जीवन में दुखों को दूर करने के लिए योगिनी एकादशी पूजन का विशेष महत्व हैं : महंत जगन्नाथ पुरी

**श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में हुआ योगिनी एकादशी पर पूजन।**

अमन लेखनी समाचार




कुरुक्षेत्र। अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी के सान्निध्य में मारकंडा नदी के तट पर स्थित श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में योगिनी एकादशी के अवसर पर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ संत महापुरुषों व श्रद्धालुओं द्वारा पूजन किया गया एवं सर्व कल्याण की कामना की गई। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि एकादशी का दिन भगवान श्री विष्णु एवं माता लक्ष्मी की पूजा-आराधना के लिए विशेष है। श्री नारायण भगवान विष्णु का ही नाम है। इस योगिनी एकादशी का उपवास व पूजन करने से जीवन के दुःख दूर होने लगते हैं। उन्होंने बताया कि आषाढ़ महीने कृष्ण पक्ष की एकादशी को ही योगिनी एकादशी कहा जाता है। यह एकादशी सबसे महत्वपूर्ण एकादशियों में से एक मानी जाती है। एकादशी को भगवान विष्णु को समर्पित तिथि माना जाता है। जो भक्तों को विभिन्न स्वास्थ्य बीमारियों से राहत दिलाने में मदद करती है। इस दिन भक्त भगवान विष्णु का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और दीघार्यु व कल्याण के साथ ही धन्य हो जाते हैं। महंत जगन्नाथ पुरी ने पूजन करने आए श्रद्धालुओं को बताया कि योगिनी एकादशी का व्रत एवं पूजन करने वाले उपासक को अपना मन स्थिर एवं शांत रखना चाहिए। दूसरों की निंदा नहीं करनी चाहिए। भूखे को अन्न तथा प्यासे को जल पिलाना चाहिए। कहा जाता है कि इस दिन विधि विधान से पूजा करने से स्वर्ग लोक की प्राप्ति होती है तथा 28 हजार ब्राह्मणों को भोजन कराने के बराबर फल मिलता है।

# ई-रिक्शा और अपाचे बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, तीन युवक घायल

## हादसा

अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह







कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर स्थित गुलाबी खेड़ा के पास शनिवार शाम को ई-रिक्शा और अपाचे बाइक की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा चालक इंद्रपाल (29) पुत्र सुरेश निवासी रामपुरवा (भटौली) ई-रिक्शा लेकर जा रहा था। वहीं अपाचे बाइक पर सवार टिंकू (22), मोनू (19) तथा उनका एक अन्य साथी पड़री बेहंदर स्थित एक दर्जी के यहां ड्रेस सिलवाने जा रहे थे। जैसे ही दोनों वाहन गुलाबी खेड़ा के पास पहुंचे, आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है।

# पत्रकारों को रेल में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करे केंद्र सरकार: अश्वनी वालिया

अमन लेखनी समाचार



कुरुक्षेत्र। ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी वालिया एवं मुख्य प्रदेश संरक्षक दलबीर सिंह मलिक ने संयुक्त बयान जारी करते हुए केंद्र सरकार एवं रेल मंत्रालय से मांग की है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों को भारतीय रेल में निःशुल्क अथवा विशेष रियायती यात्रा की सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि पत्रकार दिन-रात समाज, सरकार और आमजन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करते हैं। समाचार संकलन, प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, चुनावों, सामाजिक एवं सरकारी कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग के लिए उन्हें लगातार विभिन्न स्थानों की यात्रा करनी पड़ती है। ऐसे में रेल यात्रा की निःशुल्क सुविधा मिलने से पत्रकार अधिक प्रभावी ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। अश्वनी वालिया एवं दलबीर सिंह मलिक ने कहा कि देश के विकास, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसलिए केंद्र सरकार को पत्रकारों के हितों का ध्यान रखते हुए उनकी यात्रा संबंधी सुविधाओं में वृद्धि करनी चाहिए। उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया कि मान्यता प्राप्त एवं पात्र पत्रकारों के लिए एक पारदर्शी व्यवस्था बनाकर भारतीय रेल में निःशुल्क अथवा विशेष रियायती यात्रा सुविधा लागू की जाए। इससे पत्रकारों को राहत मिलेगी और वे देश एवं समाज की सेवा और अधिक समर्पण के साथ कर सकेंगे। अंत में दोनों नेताओं ने आशा व्यक्त की कि केंद्र सरकार पत्रकारों की इस जनहितकारी मांग पर सकारात्मक विचार करते हुए शीघ्र उचित निर्णय लेगी।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रशिक्षण एवं टूलकिट के लिए आवेदन

**पारंपरिक कारीगरों को मिलेगा नि:शुल्क 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं आधुनिक टूलकिट का लाभ।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उपायुक्त उद्योग विनोद कुमार चौधरी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत जनपद सोनभद्र के पारंपरिक कारीगरों से वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, टोकरी बुनकर, राजमिस्त्री, हलवाई, मोची एवं धोबी सहित विभिन्न पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को 10 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत लाभार्थियों को उनके व्यवसाय के अनुरूप आधुनिक टूलकिट भी उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी 11 सितम्बर, 2026 तक विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के लिए आवेदक के पास पासपोर्ट आकार का फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। शिक्षित अभ्यर्थियों के लिए शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं तकनीकी योग्यता होने पर उसका प्रमाण पत्र भी संलग्न किया जा सकता है। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए तथा वह जनपद सोनभद्र का स्थायी निवासी होना आवश्यक है। संबंधित ट्रेड से जुड़े होने का प्रमाण पत्र नगर पंचायत/नगर पालिका/नगर निगम अथवा ग्राम प्रधान/वार्ड सदस्य द्वारा निर्गत होना अनिवार्य है। साथ ही अभ्यर्थी को 10 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी शपथ पत्र देना होगा कि उसने अथवा उसके परिवार के किसी सदस्य ने पूर्व में इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण, टूलकिट या मानदेय का लाभ प्राप्त नहीं किया है।

# डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई 'तनाव-मुक्त अभिभावकत्व' मास्टरक्लास

**द आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ फैकल्टी करण अरोड़ा ने मिर्जापुर के पैरेंट्स को दिए तनाव मुक्त जीवन के मंत्र**

अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुरः डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल, लोहिया तालाब में बुधवार को ₹तनाव-मुक्त अभिभावकत्व₹ विषय पर एक प्रेरणादायक मास्टरक्लास का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन द आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ फैकल्टी एवं प्रसिद्ध अभिनेता श्री करण अरोड़ा ने अपराजिता सिंह जी के साथ किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती पल्लवी सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मिजार्पुर एवं विशिष्ट अतिथि सुश्री गरिमा सिंह, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) व पूर्व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व वर्तमान में लखनऊ सचीव उपस्थित रहीं। 'आपके बच्चे की सफलता आपकी भावनात्मक भलाई से शुरू होती है' इसी थीम पर आधारित इस सत्र में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया।

### सत्र की मुख्य बातें :

1. दबाव की स्थिति में मन को शांत और स्थिर कैसे रखा जाए
2. तनाव-मुक्त अभिभावकत्व के सरल उपाय
3. बच्चों के साथ विश्वास और संवाद को कैसे गहरा किया जाए
4. शांति, स्पष्टता और फोकस के लिए सरल श्वास तकनीकें
5. घर को अधिक खुशहाल, स्वस्थ और जुड़ाव वाला कैसे बनाया जाए

श्री करण अरोड़ा ने अभिभावकों को व्यावहारिक अभ्यास और ध्यान के माध्यम से तनाव को कम करने के तरीके बताए।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य, मिलाप करेंगे निर्देशन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर जल्द ही डायरेक्टर मिलाप जावेरी की एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह एक्शन और बेहतरीन गानों से भरपूर एक अनोखी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। फिल्म निर्माता भूषण कुमार और आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इससे पहले दोनों आशिकी 2 और मलंग जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों साथ में एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी करेंगे। मिलाप जावेरी और आदित्य रॉय कपूर एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। मिलाप जावेरी ने कहा कि आदित्य में प्यार और दर्द को पर्दे पर दिखाने का एक अनोखा टैलेंट है। इस फिल्म में उनका किरदार काफी गहरा और दमदार होगा, जिसे दर्शक बेहद पसंद करेंगे।

लाइफ Style

# अंजलि




पहले मैंने टेलीविजन पर काम किया था, इसलिए जो लोग टीवी देखते थे, वे मुझे जानते थे। फिल्म इंडस्ट्री के बहुत ज्यादा लोग मुझे नहीं जानते थे। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने मेरे लिए यह बदल दिया। इंडस्ट्री के लोग मुझे पहचानने लगे। अब किसी को दोबारा परिचय नहीं देना पड़ता है। यह कहना है अभिनेत्री अंजलि आनंद का।

## बिना ऑडिशन धमाल 4 में हुई एंट्री

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अंजलि आनंद शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'धमाल 4' में कामेडी करती दिख रही हैं। धमाल 4 से जुड़ने को लेकर वह कहती है कि मुझे लगता है कि यह फिल्म मेरे हिस्से में आनी ही थी। जब मेरी डायरेक्टर इंद्र कुमार से मुलाकात हुई, तो हमने करीब ढाई घंटे तक फिल्म की बात ही नहीं की। हम उनकी पुरानी फिल्मों के बारे में बातें करते रहे। फिर उन्होंने बस इतना कहा कि बेटा, मुझे तुम्हारा आडिशन लेने की जरूरत नहीं है। तुम इस फिल्म का हिस्सा हो। मुझे लगता है कि उन्होंने फिल्मों के प्रति मेरा प्यार देखा। उन्होंने मेरा दूसरा कोई काम भी नहीं देखा था, लेकिन शुरू से ही मुझ पर भरोसा किया। अंजलि कहती हैं कि बचपन से धमाल, भागम भाग, भूल भुलैया, गोलमाल से लेकर फिर हेरा फेरी तक मैंने सारी कॉमेडी फिल्में देखी हैं। ये मेरे दोस्तों की भी पसंदीदा फिल्में हैं। उनके डायलॉग आज भी हम सबको जुबानी याद हैं। मैं तो बस उस पल का इंतजार कर रही थी, जब मुझे भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा और मैं यह साबित कर पाऊंगी कि मैंने इन सभी फिल्मों से बहुत कुछ सीखा है। अंजलि ने आगे कहा, 'अब उनके साथ परफार्म करने को मिल रहा है। सच कहूं तो मेरा अंदर का बच्चा बहुत खुश था। रितेश देशमुख से जब मैं पहली बार से मिली, तो मैंने उनसे कहा कि आपने जो फिल्म हे बेबी में शावर वाले सीन में गाना गाया था, उसे मैं आज तक नहीं भूल पाई हूं।

हॉलीवुड मसाला




## ड्यून 3 में खतरनाक हुई जंग...

लॉस एंजिल्स। ड्यून 3 का आखिरकार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो इस साइंस-फिक्शन सीरीज का आखिरी चेप्टर है। ट्रेलर में शानदार विजुअल्स और इमोशनल ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। टिमोथी चालमेट एक बार फिर पॉल एट्राइड्स के रोल में नजर आ रहे हैं। लेकिन इस बार पॉल के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके नाम पर हो रही जंग के खतरनाक नतीजे हैं। ट्रेलर में वह अपनी ताकत और फैसलों के बोझ से जूझता दिख रहा है। जेंडाया भी ट्रेलर में नजर आती हैं। लेकिन, इस बार पॉल और चानी के रिश्ते में दरार साफ दिखती है। 'ड्यून पार्ट 2' के बाद दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं।




## 9 साल छोटी गर्लफ्रेंड संग ब्रैड का रिश्ता कन्फर्म

**नई दिल्ली।** एंजेलिना जोली से अलग होने के बाद ब्रैड पिट फिर से प्यार में पड़ चुके हैं। वह खुद से 9 साल छोटी ज्वेलरी डिजाइनर को डेट कर रहे हैं, जिनके साथ उनकी रोमांटिक फोटोज सामने आई है। दरअसल, हॉलीवुड के सुपरस्टार ब्रैड पिट इन दिनों फेमस ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रेमन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपना रिश्ता इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल किया है। सोशल मीडिया पर ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन की लेटेस्ट फोटोज आग लगा रही हैं। ये तस्वीरें टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की शादी के फंक्शन की हैं। इनेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ब्रैड पिट संग अपनी फोटोज को रीशेयर किया है जिसे सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट लौरी जानोलेटी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। हेयरस्टाइलिस्ट ने दोनों की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'न्यूयॉर्क के एक खास पल के लिए मेरे फेवरेट लवर्स इनेस और ब्रैड पिट।'




## मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई का धुरंधर से तुलना


**नई दिल्ली।** सच्ची घटना पर आधारित एक और नई फिल्म 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसे देख यूजर्स 'धुरंधर' से तुलना कर रहे हैं। जिस तरह हमजा ने पाकिस्तान में घुसकर धज्जियां उड़ाई थीं, उसी तरह इस बार हरफन बुखारी है। कई सच्ची घटनाओं पर आधारित 'धुरंधर' के बाद अब एक और जासूसी फिल्म आ रही है, जिसमें 'धुरंधर' जैसा ही दमखम देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म का नाम है 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ ए स्पाई' और फिल्म की कास्ट भी काफी दमदार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो चर्चा में है। मालूम हो कि पहले 'मुखबिर' एक वेब सीरीज के तौर पर रिलीज की गई थी, पर अब फिल्म बनाकर रिलीज की जा रही है। जिस तरह 'धुरंधर' में मौत की सजा पाए जसकीरत सिंह रंगी को एक भारतीय जासूस बनाकर पाकिस्तान हमजा अली मजारी के नाम से भेजा जाता है।




## द पैराडाइज से राघव का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'द पैराडाइज' में राघव जुयाल अहम भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम विक्रम मालिक है। इस फिल्म में अभिनेता का नेगेटिव रोल है। शुक्रवार को राघव के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म से उनका पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ शुभकामनाएं दी हैं। राघव जुयाल ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ 'द पैराडाइज' से राघव के किरदार की झलक दिखाई है। सामने आए पोस्टर में राघव जुयाल मुंह में सिगरेट दबाए धुआं के छल्ले बना रहे हैं। काला चश्मा लगा रखा है और तीखे तेवर के साथ देख रहे हैं। उनका यह लुक किसी खूंखार डॉन जैसा है। किल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड में राघव जुयाल पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब वे तेलुगु फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगे। इसके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया है और अपने लुक पर काफी काम किया है।

टीवी मसाला



## रक्तांचल 3 में बदला और वर्चस्व का खूंखार खेल, आमने-सामने विजय-वसीम

**नई दिल्ली।** पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी वेब सीरीज 'रक्तांचल' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विजय सिंह और वसीम खान एक बार फिर आमने सामने हैं। इस बार बात सिर्फ बदले की नहीं है, बल्कि राजनीति के बदलते समीकरण और धोखेबाजी की भी है। रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। समय ने बहुत कुछ छीना है हमसे, अब क्रोध भी नहीं है, सिर्फ एक आग है... ''रक्तांचल' सीजन 3' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया है और पहले ही कुछ सेकेंड में विजय सिंह के किरदार का यह डायलॉग टोन सेट कर देता है। सच्ची घटनाओं पर आधारित इस वेब सीरीज का करीब दो मिनट का यह ट्रेलर हमें पूर्वांचल के उस खूंखार इलाके में वापस ले जाता है, जहां विजय सिंह और वसीम खान की पुरानी दुश्मनी, दबी हुई नफरत और सत्ता के नए खेल एक बार फिर भड़कने को तैयार हैं। कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल इलाके के दो मशहूर माफिया की 1980 के दशक की असल घटनाओं से प्रेरित है। सीरीज में क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर लीड रोल में हैं। जब 2020 में इसका पहला सीजन और फिर 2022 में दूसरा सीजन रिलीज हुआ था, तब इस सीरीज की हिंसक और राजनीतिक दुनिया ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। अब तीसरे सीजन में बात वर्चस्व से आगे बढ़कर बदले की है।

## हिना और रुबिना का नया टॉक शो हुआ ट्रोल

**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित सितारे भी अक्सर विवादों का हिस्सा बनते हैं। हाल ही में टीवी सेलेब्स से जुड़ी कुछ कंट्रोवर्सीज पर रुबिना दिलैक और हिना खान ने अपने नए टॉक शो में बात की। यह बातचीत फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को नहीं पसंद आई। इस वजह से दोनों एक्ट्रेसेस को ट्रोल भी किया गया है। रुबिना दिलैक ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने नए शो 'पीओवी' का एक वीडियो शेयर किया। इसमें रुबिना के पति और एक्टर अभिनव शुक्ला भी नजर आए। साथ ही हिना खान और उनके पति रॉकी भी मौजूद दिखे। यह चारों शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चमोला जैसी टीवी एक्ट्रेसेस की पिछली कंट्रोवर्सी पर चर्चा कर रही थीं। दोनों को लेकर अपने विचार जाहिर कर रही थीं। जब फैंस ने हिना खान और रुबिना के टॉक शो का वीडियो देखा तो उन्होंने खरी-खोटी सुना दी। दरअसल, यह दोनों ही टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस हैं, दोनों की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इन्हें इस तरह से दूसरों एक्टर्स की कंट्रोवर्सी पर बात करते देख, फैंस को अच्छा नहीं लगा। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इन्हें खूब ट्रोल किया।



## सिलक्यारा टनल हादसे पर बनेगी फिल्म, कबीर होंगे निर्देशक



**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' का ऐलान किया है। अपकमिंग फिल्म भारत के उत्तराखंड में मौजूद सिलक्यारा टनल में हुए अद्भुत बचाव अभियान पर आधारित होगी। इस अभियान में विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) के स्थानीय हीरो और दुनिया भर में मशहूर टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने शानदार काम किया था। इस फिल्म को अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय फिल्ममेकर कबीर खान डायरेक्ट करेंगे। इसे मशहूर ऑस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू एनास्टासियोस (द वॉटर डिवाइनर) ने लिखा है। यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक रोमांचक साझेदारी को दिखाएगी। फिल्म के बारे में बात मेकर्स ने बताया 'हमें माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बीच इस अहम सहयोग की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल बचाव अभियान की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह नामुमकिन हालात में हिम्मत, मजबूती, सूझ-बूझ और इंसानियत की कहानी है। हमें इस ऐतिहासिक दिन पर इसकी घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने आपसी रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।' ऐसे समय में जब दोनों देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल रिश्तों को मजबूत करने और आपसी सहयोग के नए दौर की शुरुआत करने के लिए मिल रहे हैं।

## राजेश ने माचिस से शुरू किया कॅरियर परिणीता फिल्म से मिली शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीलुड और बंगाली फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेता राजेश शर्मा इन दिनों चर्चा में हैं। खबर है कि वह हैदराबाद में प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'फौजी' की शूटिंग में बिजी थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश शर्मा कई दशकों से इंडस्ट्री में हैं। फिल्मों और टीवी शो में काम करने वाले इस स्टार ने कई हिट प्रोजेक्ट्स में काम किया है। उनका जन्म 8 अक्टूबर 1970 को लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उन्हें कम उम्र में ही एक्टिंग का शौक हो गया था। इसी वजह से उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। एक एक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म 1996 में आई 'माचिस' थी। उन्होंने कई बंगाली फिल्मों में काम किया, जिसके बाद 2003 में 'परिणीता' फिल्म से शोहरत मिली। तब से, उन्होंने कई बड़े बजट की फिल्मों में काम किया है और भारतीय सिनेमा में लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभा कर अपने फैंस का दिल जीता है।



### कीड़े काटने से बीमार

प्रभास की आने वाली फिल्म की शूटिंग के दौरान कथित तौर पर कीड़े के काटने से बीमार पड़े लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राजेश शर्मा अब भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। फिलहाल वह खतरे से बाहर हैं और डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

### इन बड़ी फिल्मों में किया काम

राजेश शर्मा की बेहतरीन फिल्मों में भूल भुलैया 3, पीकू, खोसला का घोसला, द डर्टी पिक्चर, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु और कई अन्य शामिल हैं। उन्हें स्पेशल 26 और एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी से खासा पहचान मिली। राजेश शर्मा ने साल 2005 में बंगाली अभिनेत्री सुदीप्ता चक्रवर्ती के साथ शादी की थी।

रिलीज होते ही रच दिया था इतिहास, आज भी किया जाता है पसंद

# लाइटर को जलाते हुए बना किशोर कुमार का ब्लॉकबस्टर गाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिल्मों में जितनी अहम स्टोरी होती है, उतना ही उसके गानें। आज हम आपको किशोर कुमार के एक गाने के बारे में बताते हैं। इस गाने को किशोर कुमार की आवाज, आर डी बर्मन के म्यूजिक और आनंद बख्शी के लिरिक्स ने सुपरहिट बना दिया था। इतना ही नहीं आप हैरान हो जाएंगे कि इस गाने का सिगरेट जलाते हुए लाइटर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा है।

### लाइटर जलाने से जुड़ा गाने को लेकर किस्सा

इस गाने को लेकर विशाल ददलानी ने बताया था। उन्होंने एक रिएलिटी शो के दौरान कहा था कि पंचम दा सारी रात काम करके उन्होंने गाना बनाया था। जब धुन बनकर तैयार हो गई तो उन्होंने फिर इसे आनंद बख्शी को दिया ताकि वो इसके लिरिक्स लिख सकें। उस समय अब बारिश का मौसम था। आनंद बख्शी रात में घर जा रहे थे और रास्ते में वह सिगरेट जलाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बारिश की वजह से उनका लाइटर जल नहीं रहा था और बार-बार वो बुझ रहा था। तभी उनके दिमाग में एक लाइन आई कि चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए। बस इसी के बाद उन्होंने गानों की शुरुआत की।



### कौनसा था वो गाना

*हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है चिंगारी कोई भड़के। यह गाना फिल्म अमर प्रेम का है जिसमें राजेश खन्ना, शर्मिला टैगौर, विनोद मेहरा अहम किरदार में थे। अब आपको बताते हैं इस गाने से जुड़ा दिलचस्प किस्सा।*

### बख्शी साहब ने अमर बना दिया गाना

विशाल ने फिर कहा था, 'असली कलाकार वही होते हैं जो जिंदगी की साधारण घटनाओं को इतना खूबसूरत बना दें कि वो हमेशा के लिए लोगों के दिल में बस जाए। एक आम इंसान शायद इस घटना को नजरअंदाज कर देता, लेकिन बख्शी साहब जैसे गीतकार ने उस मोमेंट को उन लाइन से गाने को अमर बना दिया।'यह गाना काफी सुपरहिट हुआ था और आज भी इस गाने को काफी पसंद किया जाता है।

### आरडी बर्मन ने की थी खूब मेहनत

आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक आर डी बर्मन इस फिल्म के दौरान अपने कमरे में जाते और सुबह 9 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक काम करते थे। वहीं, इस फिल्म का दूसरा गाना ये क्या हुआ, कैसे हुआ 1970 में आई बंगाली फिल्म राजकुमारी का पूरा कॉपी था जो था ये कि होलो। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया था और म्यूजिक आर डी बर्मन ने दिया था।

### बंगाली डायरेक्टर ने इंग्लिश में लिखी थी स्क्रिप्ट

बंगाली राइटर और डायरेक्टर अरविंद मुखर्जी को हिंदी नहीं आती थी इसलिए उन्होंने अमर प्रेम की स्क्रिप्ट इंग्लिश में लिखी थी। इसके बाद राइटर रमेश पंत ने उसे पूरा हिंदी में ट्रांसलेट किया, सिर्फ एक लाइन को छोड़कर पुष्पा आई हेट टियर्स।